




बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 02 सितम्बर 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 217 | मूल्य - 5 रुपये












कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़के के कार्यक्रम स्थल के शुद्धीकरण एवं

# राहुल गांधी पर अनुचित एफआईआर के खिलाफ बालाघाट में गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन..

### गरजे कांग्रेस नेता श्याम पंजवानी और शमीम सिद्दीकी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल पर कथित रूप से गंगाजल का छिड़काव कर 'शुद्धिकरण' किए जाने और धार्मिक अनुष्ठान किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा एवं आरएसएस की कथित जातिवादी मानसिकता के खिलाफ*

मोर्चा खोलते हुए आज बालाघाट के हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता के आरोप लगाए। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जी के खिलाफदर्ज एफआईआर वापस लेने तथा हल्द्वानी में कथित 'शुद्धिकरण' करने वाले लोगों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर श्याम पंजवानी, कैलाश साहू, राजेश ठाकुर, अनिल बनोटे, शमीम सिद्दीकी, अल्लाह रखा, छविराम पंचेश्वर, निर्मल कल्लू सोनी, डॉ. अमर बिसेन, निखिल गौतम, गुलाबचंद नागपुरे, केवल सिंह झरिया, राम सिंह भाटिया, अफरोज खान, राजू यादव, शब्बीर पटेल, प्रकाश पप्पू मदनकर, शानू राय, धर्मेंद्र बोपचे, जुबेदा अंसारी, श्रीमती उषा मिश्रा, विनोद वंशकार, डॉ. मुकेश वरकडे, डॉ. दुर्गा वरकडे, सुमन केवलानी, सीमा सिंह, मधु चौक, तेजलाल सुलाखे, संतोष बाहेश्वर, फिरोज कुरैशी, राजू बॉस सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोले श्याम पंजवानी..

धरना प्रदर्शन के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि देश के संविधान ने हर नागरिक को समानता, सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है। ऐसे में देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल का 'शुद्धिकरण' किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और सामाजिक समानता की भावना और भाजपा की मानसिकता और सोच पर गंभीर सवाल खड़े करता है। श्याम पंजवानी ने कहा कि राहुल गांधी जी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसी घटना को लेकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई उन लोगों पर करने के बजाय राहुल गांधी जी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। यह 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को चरितार्थ करने जैसा है। राहुल गांधी जी ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफआवाज उठाई है और संविधान में निहित समानता एवं सामाजिक न्याय की बात की है।

### बोले शमीम सिद्दीकी..

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमीम सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के जातिगत भेदभाव और छुआछूत की मानसिकता को स्वीकार नहीं करेगी। अगर किसी दलित नेता के कार्यक्रम के बाद किसी स्थान को कथित रूप से 'अपवित्र' मानकर उसका शुद्धिकरण किया जाता है, तो यह केवल मल्लिकार्जुन खड़गे जी का अपमान नहीं, बल्कि देश के करोड़ों दलित, आदिवासी और वंचित समाज के सम्मान का सवाल है। शमीम ने कहा कि राहुल गांधी जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर भाजपा सरकार कांग्रेस की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक पूरी ताकत से लड़ी जाएगी।

# दूध में मिलावट की जांच के लिए खाद्य विभाग ने की बालाघाट में रैपिड किट से जांच..

### मंगल डेयरी के बिना लाइसेंस संचालित वर्कशॉप को कराया बंद, केक हब को नोटिस..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल के निर्देशों के बाद बालाघाट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध में मिलावट की प्रारंभिक जांच के लिए रैपिड टेस्टिंग किट का उपयोग शुरू किया गया है। इस किट के माध्यम से दूध में सुक्रोज, ग्लूकोस, स्टार्च, साल्ट, माल्टोडेक्सट्रिन सहित अन्य पदार्थों की मिलावट की*

प्रारंभिक जांच आसानी से की जा सकती है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सांची मिल्क प्लांट, अरिहंत दूध डेयरी, दमाहे दूध डेयरी एवं गुड़िया दूध डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध के नमूनों की रैपिड किट के माध्यम से प्रारंभिक जांच की गई। जांच में दूध में उपरोक्त पदार्थों की मिलावट नहीं पाई गई। विभाग द्वारा आमजन को मिलावट के प्रति जागरूक एवं सचेत करने के उद्देश्य से भी रैपिड किट के माध्यम से जांच की जा रही है।

### मंगल डेयरी की वर्कशॉप में मिली अनियमितता

दुर्गा चौक बालाघाट स्थित मंगल डेयरी की जांच के दौरान पाया गया कि रिटेल लाइसेंस के तहत संचालित प्रतिष्ठान के समीप स्थित वर्कशॉप में दूध एवं दुग्ध पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां छापामार कार्रवाई करते हुए दूध, दही, खोवा एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लिए। वर्कशॉप का खाद्य लाइसेंस नहीं होने पर उसका खाद्य कारोबार तत्काल बंद कराया गया तथा बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित करने का प्रकरण दर्ज किया गया।

### केक हब में अस्वच्छता मिलने पर नोटिस

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने केक हब का निरीक्षण किया। निर्माण स्थल की जांच में अस्वच्छता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत धारा 32 का नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा केक बेस एवं बटरस्कॉच क्रश के नमूने जांच के लिए लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत न्यायालयीन दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कहा है कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में कल 3 सितम्बर को बालाघाट जिला बंद

### 30 बच्चों की मौत को लेकर आदिवासी समाज में उबाल, इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सभी तरह के व्यापारिक प्रतिष्ठान और यात्री बसो का संचालन होगा बंद..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले के बैहर एवं परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी और बैगा ग्रामों में स्वास्थ्य अब तक 30 बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के मौत होने के आरोपों के साथ संपूर्ण आदिवासी समाज*

और अन्य सभी समाजों ने मिलकर बड़े आंदोलन का ऐलान किया है, तथा धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और आवेदन के बावजूद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप को बर्खास्त नहीं किये जाने तथा ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने के खिलाफ 3 सितंबर को संपूर्ण बालाघाट जिला बंद का आह्वान किया गया है आज 02 सितम्बर दिन मंगलवार को धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकार आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 03 सितम्बर को पूरा बालाघाट जिला बंद रहेगा, जिसमें बंद के दौरान अस्पताल, एंबुलेंस, दवा दुकान, स्कूल, कॉलेज, रसोई गैस सहित अन्य आवश्यक और इमरजेंसी सेवाओं को बंद से मुक्त रखा जाएगा। वहीं बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बस एवं अन्य परिवहन सेवाएं, सब्जी मंडी सहित अधिकांश व्यावसायिक गतिविधियां बंद रखने का आह्वान किया गया है।

### मिला समर्थन, की अपील..

गौरतलब है कि आदिवासी समाज के पदाधिकारियों के आहवान पर 3 सितंबर के बंद को विभिन्न व्यापारी संगठनों, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बस एसोसिएशन, मंडी व्यापारी संघ सहित अन्य संगठनों ने अपना समर्थन दे दिया है। समाज ने व्यापारियों और नागरिकों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

### आमसभा के उपरांत निकलेगी विशाल रैली..

आदिवासी नेताओं ने बताया कि बंद के दौरान धरना स्थल पर एक विशाल आमसभा को संबोधित किया जायेगा, इसके उपरांत आदिवासी समाज और विभिन्न संगठनों के लोग संयुक्त रूप से रैली के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे।

### यह है हमारी मांग

आंदोलकारी पदाधिकारियों ने कहा कि हमारी मांग है कि जिला स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा प्रभावित क्षेत्रों के बीएमओ को तत्काल हटाया जाए एवं बर्खास्त किया जाए। बच्चों की मौत के मामले में जिम्मेदारी तय की जाए, प्रभावित परिवारों को सहायता राशि बढ़ाकर दी जाए। आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक व्यवस्थाएं की जाए।

### जब तक मांग पूरी नही होगा जारी रहेगा आंदोलन..

आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया कि 3 सितंबर का बालाघाट बंद के बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को आगे और व्यापक रुप में किया जायेगा। आदिवासी समाज ने धरना-प्रदर्शन के दौरान शांतिपूर्ण आंदोलन की बात कही।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 95 आवेदकों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश..

### आधार केंद्र, फसल बीमा, दिव्यांग प्रमाण-पत्र और आर्थिक सहायता सहित विभिन्न मामलों पर हुई सुनवाई





जगप्रेरणा गोंदिया।

*प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में आज 1 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने*

आवेदकों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार एवं शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 95 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई में वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत बुदबुदा के सरपंच हंसराज कावरे ने बुदबुदा में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि आसपास की पंचायतों को मिलाकर करीब 65 से 70 हजार की आबादी को आधार संबंधी सेवाओं के लिए सुविधा मिलेगी। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने इस मामले में ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लामता तहसील के ग्राम बसेगांव के किसान राधेश्याम पिता दलवीर साहू ने वर्ष 2025 की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत प्रस्तुत की।

कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक कृषि श्री फूलसिंग मालवीय ने मौके पर ही पोर्टल पर किसान का आधार नंबर दर्ज कर स्थिति की जांच की। जांच में सामने आया कि अगस्त माह में किसान के बैंक खाते में 26 हजार रुपये की फसल बीमा राशि जमा हो चुकी है। किरनापुर विकासखंड के ग्राम डूंडासिवनी की श्रुति मेश्राम ने वर्ष 2015 में बने अपने दिव्यांग प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण की मांग की। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र के प्रभारी को प्रमाण-पत्र का शीघ्र नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए। परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम सोनेवानी के लक्ष्मीचंद गौतम ने बीमारी के उपचार एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इसी प्रकार वारासिवनी की शाहजहां शाह ने कैंसर से पीड़ित पत्नी के उपचार के लिए सहायता मांगी। तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोसुम्बा की खुशबू खोबरागड़े ने अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता का आवेदन दिया। तीनों प्रकरणों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा उप संचालक सामाजिक न्याय को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

लालबर्रा जनपद की ग्राम पंचायत भांडामुर्री के पूर्व सरपंच घनश्याम बिसेन ने 15वें वित्त आयोग से निर्मित चबूतरे की 99 हजार रुपये की लंबित राशि के भुगतान का मामला रखा। इस पर जनपद पंचायत लालबर्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वारासिवनी के हुड़कीटोला-पिपरिया की पूनम बाई ने पति के चले जाने के बाद बच्चों के पालन-पोषण और रोजगार के लिए सहायता मांगी। मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कटंगी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम टेकाड़ी-मथरा के अम्बे् आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष एवं सचिव शिकायत लेकर आयी थी कि उनके समूह द्वारा ग्राम में राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। लेकिन समूह में शामिल महिला पूजा सूर्यवंशी के पति आशिष सूर्यवंशी द्वारा शराब पीकर फर्जी शिकायत कर समूह की अध्यक्ष एवं सचिव को पद से हटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कटंगी तहसीलदार द्वारा भी पूर्व में शिकायत की जांच कर दोबारा झूठी शिकायत करने पर 20 हजार रुपये का दंड लगाने कहा गया था। इसके बाद भी आशिष सूर्यवंशी द्वारा झूठी शिकायत कर उन्हेंन परेशान किया जा रहा है। इस प्रकरण में आजीविका मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक को आवश्यभक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में वसीम रजा शिकायत लेकर आये थे कि उनके द्वारा पत्नी सायना परवीन के नाम से बस क्रमांक एमपी-09-एफए-6513 श्रीराम फायनेंस कंपनी से ऋण लेकर संचालित किया जा रहा है। उसके द्वारा हर वर्ष बस का बीमा यूनाईटेड कंपनी से किया जा रहा है। इसके बाद भी श्रीराम फायनेंस कंपनी द्वारा उनकी अनुमति के बगैर बस का अपनी कंपनी में बीमा करा दिया गया है। श्रीराम कंपनी द्वारा हर माह 05 तारीख को उसके बैंक खाते से ऋण की किश्त काट ली जाती है, इसके बाद भी उस पर हर माह बाउंसिंग चार्ज लगाया जा रहा है और बैलेंस बाकी का लेटर जारी किया जा रहा है।

कंपनी के मैनेजर से सम्पर्क करने पर वह पिछले 11 माह से टाल-मटोल कर रहा है। अतः उसे श्रीराम बीमा फायनेंस कंपनी से जबरन कराये गये बीमा की राशि वापस दिलायी जाये। इस प्रकरण में नगर पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। तहसील किरनापुर के ग्राम पंचायत खारा निवासी गणेश भैयालाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास स्वीकृत कराने का आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से कच्चे मकान में रह रहा है और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाने में असमर्थ है। उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इस प्रकरण में जनपद सीईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम मोरिया, तहसील लामता निवासी मीरा बाई उराड़े ने निजी मकान के आंगन में पशुशेड बनाने की अनुमति देने का आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आंगन में बना पुराना पशुशेड 10 अगस्त 2026 को तहसीलदार, पटवारी, कोटवार एवं पुलिस दल द्वारा तोड़ दिया गया था। पशुशेड नहीं होने के कारण उनके पशु बरसात में खुले में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने पुनः पशुशेड बनाने की अनुमति देने की मांग की। इस प्रकरण एसडीएम बालाघाट को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसील किरनापुर के ग्राम पाथरी निवासी गौरीशंकर कोहरे ने अपनी भूमि से अवैध कब्जा हटाकर वास्तविक कब्जा दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम पाथरी स्थित खसरा नंबर 117 की भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, लेकिन कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर पोल एवं फेंसिंग कर दी है। पूर्व में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने सीमांकन, मौके की जांच एवं अवैध कब्जा हटाने की मांग की। इस प्रकरण में किरनापुर तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## गोंदिया बालाघाट हाईवे रोड पर मर्री टोल टैक्स के विरोध में 3 सितंबर को प्रदर्शन

**जगप्रेरणा बालाघाट। बालाघाट-गोंदिया हाईवे स्थित भर्री टोल पर बालाघाट लोकल वाहनों से टोल टैक्स वसूले जाने के विरोध में विभिन्न परिवहन एवं व्यापारी संगठनों ने 3 सितंबर 2026 को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। ज्ञापन में बताया गया कि लोकल वाहनों से टोल वसूली शुरू होने के कारण बालाघाट ट्रक ट्रांसपोर्ट, बस यूनियन, सब्जी मंडी, अनाज मंडी सहित निजी वाहन संचालकों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए 4 अगस्त को कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा गया था। मामले को लेकर 5 अगस्त को अधिकारियों से चर्चा तथा 26 अगस्त को सांसद से भी चर्चा हुई थी। इसके बाद 1 सितंबर तक समस्या का समाधान करने का समय दिया गया, लेकिन कोई निराकरण नहीं होने पर संगठनों ने आंदोलन का निर्णय लिया। बालाघाट ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, बस एसोसिएशन, सब्जी मंडल यूनियन, थोक अनाज यूनियन, वैनगंगा मजदूर संघ, जय हिंद टॉकीज मालवाहक यूनियन, सीमेंट लोहा यूनियन सहित विभिन्न संगठनों की बैठक में सर्वसम्मति से 3 सितंबर को भर्री टोल टैक्स पर पहुंचकर जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।**

विज्ञापन आमंत्रित है..
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# डूण्डासिवनी पुलिस को बड़ी सफलता नकबजन चोर गिरोह का पर्दाफाश..

### 03 शातिर आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल..

### 2 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका जप्त..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा निरंतर निर्देश दिए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी पुलिस सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 30.08.2026 को प्रार्थिया श्रीमती सविता पति प्रहलाद नामदेव, निवासी ड्रीम लैण्ड सिटी, सिवनी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित इलाज कराने अस्पताल गई थी, इसी दौरान रात्रि में अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं। रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 437/2026 धारा 331(4), 305(ए) **BNS** कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उईके द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। संदेहियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गया समस्त मशरूका जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल सिवनी निरुद्ध किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी..

तौफिक पिता नफीस खान, उम्र 19 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, थाना कोतवाली, जिला सिवनी, सद्दाम हुसैन पिता सब्बीर हुसैन, उम्र 20 वर्ष, निवासी संजय वार्ड, थाना कोतवाली, जिला सिवनी, अमन पिता राजेश उइके, उम्र 21 वर्ष, निवासी एफसीआई रोड, छिंदवाड़ा चौक, थाना कोतवाली, जिला सिवनी। **जप्त मशरूका**–कुल कीमती 2 लाख 20 हजार रुपये, एक सोने की चैन, एक सोने की अंगूठी, दो चांदी के सिक्के, एक मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त)

### सराहनीय भूमिका..

निरीक्षक चैनसिंह उईके के नेतृत्व में उनि सदानंद गोदेवार, सउनि निसार खान, प्र.आर. नितेश राजपूत, प्र.आर. संजय यादव, प्र.आर. रवि धुर्वे, आर. धनराज बरकडे, आर. मोहसिन आजमी, आर. अंशुमन राजपूत, आर. अखिलेश माहोरे, आर. केशरीनंदन ऐडे, आर. हिमेन्द्र सहारे, आर. रघुराज यादव, आर. आशीष ठाकरे।

# जंगल के प्रहरी से अपर वन मंडल अधिकारी तक पहुँचे गोपाल सिंह..

### 39 वर्षों की वन सेवा के बाद सेवानिवृत्त..



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

*वर्ष 1987 में जंगल के प्रहरी के रूप में वन सेवा की शुरुआत करने वाले गोपाल सिंह ने 39 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद 31 अगस्त 2026 को*

अपर वन मंडल अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति ली। इस अवसर पर वन विद्यालय लखनादौन में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पी.सी.सी.एफ श्री पी.सी. दुबे तथा विशिष्ट अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन रहे। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, कदम संस्था एवं विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गोपाल सिंह को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समारोह में हर वर्ग के लोगों की मौजूदगी गोपाल सिंह के प्रति लोगों के प्रेम और सम्मान को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया है, लेकिन जीवन में व्यस्त और मस्त रहना सबसे बड़ी कला है। ग्रामीण एवं आदिवासियों को रोजगार से जोड़ना गोपाल सिंह की कार्यशैली का हिस्सा रहा है और यह भावना सेवानिवृत्ति के बाद भी बनी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रकृति संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पी.सी. दुबे ने कहा कि गोपाल सिंह ने संयुक्त वन प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीणों की आजीविका को जंगल से जोड़ा तथा वन अपराधों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। डीएफओ डॉ. महेंद्र सिंह उइके ने कहा कि शासकीय सेवा सेवानिवृत्ति के साथ समाप्त होती है, लेकिन अनुभव और मार्गदर्शन कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वन विभाग को गोपाल सिंह के अनुभव का लाभ आगे भी मिलता रहेगा।

### 'सफर जंगलों से यादों तक' फिल्म का सफल प्रदर्शन..

समारोह में गोपाल सिंह के 39 वर्षों के वन सेवाकाल पर मुकेश यादव द्वारा निर्मित फिल्म 'सफर जंगलों से यादों तक' का विशेष प्रदर्शन किया गया। फिल्म में उनके वन सेवा के सफर, कार्यों, प्रकृति के प्रति समर्पण और सेवाकाल की यादों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। फिल्म के प्रदर्शन को उपस्थित लोगों ने सराहा और यह समारोह का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा द्वारा किया गया। समारोह में वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गोपाल सिंह का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किए। अपने विदाई उद्बोधन में गोपाल सिंह ने कहा– 'वर्ग कहीं और नहीं, मैंने जीते-जी वन की सेवा करके पा लिया है।' उन्होंने लोगों से प्रकृति, वन्यजीवों और वनस्पतियों के प्रति प्रेम, उदारता और सहानुभूति रखने का संदेश दिया। जंगल के प्रहरी से अपर वन मंडल अधिकारी तक–39 वर्षों की यह यात्रा कर्तव्य, समर्पण और प्रकृति संरक्षण की प्रेरणादायी मिसाल बन गई।

# मिशन स्कूल छपारा की जिला टॉपर छात्रा वंशिका जैन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया सम्मानित..

### प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मिली 25,000रू. की प्रोत्साहन राशि..



**जगप्रेरणा छपारा।**

मिशन स्कूल छपारा (अंग्रेजी माध्यम) की होनहार छात्रा कुमारी वंशिका जैन, पिता श्री स्वदेश जैन ने कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय, सत्र 2025-26 में सिवनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता एवं छपारा नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 25,000रू. की प्रोत्साहन राशि हेतु उनका चयन किया गया है। विशेष उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत सिवनी जिले से मात्र दो विद्यार्थियों का चयन किया गया था।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 1 सितंबर 2026 को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल) में आयोजित सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वंशिका जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंशिका के साथ विद्यालय की ओर से वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती आयलिन कुमार भी उपस्थित रहीं। वंशिका जैन की यह उपलब्धि लगभग 135 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए मिशन स्कूल छपारा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। यह ऐतिहासिक विद्यालय लंबे समय से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करता रहा है। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुँचकर अपनी प्रतिभा एवं सेवाओं के माध्यम से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इसी विद्यालय की छात्रा कुमारी सना अंजुम ने कक्षा 12वीं जीव विज्ञान में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता तथा छपारा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया था। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें भी प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। सना अंजुम ने आगे **NEET** परीक्षा उत्तीर्ण कर **MBBS** में प्रवेश प्राप्त किया और वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। वंशिका जैन की यह उपलब्धि मिशन स्कूल छपारा की इसी गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाली उपलब्धि है। वर्तमान में वंशिका जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट **(CA)** बनने की तैयारी कर रही हैं। उनकी शैक्षणिक प्रतिभा, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण को देखते हुए विद्यालय परिवार को विश्वास है कि वे भविष्य में भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। वंशिका जैन की इस उल्लेखनीय सफलता पर संस्था के डायरेक्टर माइकल जॉन, हिन्दी माध्यम के प्राचार्य संजय मसीह, अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य प्रदीप कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी के उपर प्रकरण दर्ज कराने के विरोध में किया प्रदर्शन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर दिनांक 31 अगस्त 2026 को ठीक रात्रि 8 बजे, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष सिवनी जिला कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में राहुल गांधी के उपर प्रकरण दर्ज कराने के विरोध में विरोध में प्रदर्शन किया गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। जैसा कि विदित है हल्दवानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई रैली के स्थान पर भाजपा समर्थित संगठनों द्वारा इस स्थान का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान किया गया। राहुल गांधी ने प्रेस कांप्रेस कर अपने दिये गए बयान में इस कृत्य की कढ़ी निंदा की और उत्तराखण्ड पुलिस से भाजपा और उनके समर्थित कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उत्तराखंण्ड के भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने श्री खड़गे की रैली के बाद शुद्धिकरण का खुलकर बचाव किया इस एक बयान ने भाजपा के चाल चरित्र और चेहरे में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे जी ने सरकारी नौकरियों में धांधली, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मंदिरों में कथित चढ़ावा चोरी की बात कही थी जो कि भाजपा हजम नही कर पायी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि 84 साल के एक वरिष्ठ नेता जो संघर्षो से उठकर यहाॅ तक पंहुचे और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पंहुचे उन्हें भी यह महशूस करा दिया गया कि आप अछूत एवं दलित है। भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा देश के करोड़पतियों से मिलकर करोड़ो का कर्जा थोक में माफ कराया जा रहा है इस कर्जे माफी का खामियॉजा गरीब और मध्य वर्गीय परिवारो को भुगतना पड़ेगा। राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और देश भर के दलित, आदिवासियों के खिलाफ भाजपा द्वारा किए जा रहें जातिगत छुआछूत को उजागर किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तराखण्ड में इस अपराध के जिम्मेदार भाजपा और आरएसएस के नेताओं के खिलाफएससी, एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन में यशपाल भलावी, प्रकाश सूर्यवंशी, तीरथ बट्टी, रंजीत यादव, शिव सनोडिया, राजिक अकील, आजम दीवान अली, जाहिद खान, आदित्य मोन्टू भूरा, राहुल उइके, नितिन डहेरिया, शुभम पटेल, कुलदीप काकोडिया, देवेन्द्र ठाकुर, अनिल मर्सकोले, मनोज राहंगडाले, दिलीप राहंगडाले, सतेन्द्र बघेल, मोहसिन खान, अर्पण संध्या, अब्दुल रियाज खान, संतकुमार सनोडिया, सैयद मंजर हुसैन की उपस्थिति रही।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही सट्टा एवं अवैध शराब पर ताबड़तोड़ रेड

### 09 सटोरिये गिरफ्तार, 5200/– नकदी व सट्टा पट्टी जप्त..

### 11 ठिकानों पर दबिश, 55 लीटर अवैध शराब जप्त, 11 आबकारी प्रकरण दर्ज..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### पहली कार्यवाही – सट्टा पर रेड..

दिनांक 31/08/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमन होटल के पास, जिंदल अस्पताल के पीछे एवं न्यू लाइफ जियारतनाका शराब दुकान के पास कुछ व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही में कुल 09 सटोरियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों के कब्जे से कुल 5200/- रुपये नकद एवं सट्टा पट्टी विधिवत जप्त कर सभी के विरुद्ध अलग-अलग सट्टा एक्ट के तहत 09 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं।

### दूसरी कार्यवाही – अवैध शराब पर रेड..

इसी क्रम में गंज सहित अन्य क्षेत्रों में 11 अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब विक्रेताओं के ठिकानों पर दबिश देकर कुल 55 लीटर अवैध शराब जप्त की गई एवं 11 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### गिरफ्तार सटोरियों के नाम..

दीपक पिता शिववरण सिंह ठाकुर, उम्र 43 वर्ष, निवासी महाराजबाग, भैरोगंज, सिवनी, सुखराम पिता अदान इनवाती, उम्र 70 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, सिवनी, शंकर पिता रतिराम बेन, उम्र 55 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी, अनिल पिता नेमीचंद यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी बरघाट नाका, सिवनी, धनीराम पिता दुलीचंद नागोतिया, उम्र 50 वर्ष, निवासी भैरोगंज, सिवनी, ओम पिता ओमकार कोष्टा, उम्र 29 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी, शादाब पिता अजीश खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी दीवान मोहल्ला, शुक्रवारी, सिवनी, गजेन्द्र पिता दशरथ कोष्टी, उम्र 72 वर्ष, निवासी आजाद वार्ड, सिवनी, ज्योति नंदवार पिता ओमकार नंदवार, उम्र 52 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी।

**जप्ती**– सट्टा से 5200/- रुपये नकद, सट्टा पर्ची एवं 55 लीटर अवैध शराब।

### सराहनीय भूमिका..

निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राजेश शर्मा, प्र.आर. प्रदीप चौधरी, प्र.आर. सुधीर डहेरिया, प्र.आर. सौरभ ठाकुर, आर. प्रतीक बघेल, आर. चेतन शर्मा, आर. पारस तुरकर, आर. सीताराम जावरे, म.आर. दीपाली बघेल, म.आर. ममता गजभिए।

# एकात्म महिला परिषद ने पुलिस कर्मियों के बीच मनाया रक्षाबंधन पर्व..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

एकत्व महिला परिषद सुंदरी संभाग सिवनी के तत्वाधान में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर देश की रक्षा करने वाले पुलिस कर्मियों के कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए महिलाओं ने नगर कोतवाली पहुंचकर नगर कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी सहित समस्त स्टाफ को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर न केवल राखी बांधी बल्कि उन्होंने कोतवाली की कर प्रणाली को भी जानने का प्रयास किया साथ ही उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि अपराध से दूर रहे और भय मुक्त जीवन जिए इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष नीलम बादल सह प्रांतीय अध्यक्ष प्रीति कौशल शाखा अध्यक्ष स्वाति जैन सचिव पूर्वी जैन कोषाध्यक्ष नीलम जैन सहयोगी अंजलि जैन उपस्थिति रही।

इस अवसर पर नगर कोतवाली निरीक्षक एवं समस्त स्टाफ ने महिला मंडल के इस कार्य की सराहना की वहीं दूसरी ओर उन्होंने महिलाओं को संदेश दिया कि हम लोग भी आपकी तरह इंसान हैं और आप जैसे लोग जब हम लोगों को इन त्योहारों में याद करते हैं तो हमें अपने परिवार की याद आती है और आप लोगों को बीच में प्रकार हम कुछ पल के लिए अपने परिवार के बीच में इस त्यौहार को मानते हैं।

रक्षाबंधन एवं कजलिय का त्यौहार आपस में मैत्री बढ़ाने का त्यौहार है और भाईचारा के माध्यम से हम समझ में एकता का संदेश दे सकते हैं।

## श्रद्धालुओं से लिए जा रहे सेवा शुल्कों और चंदों का पूरा ऑडिट सार्वजनिक किया जाए : तिवारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग के साथ.साथ धार्मिक कार्यकलापों और पवित्र यात्राओं में अनियंत्रित वित्तीय फैसलों के माध्यम से जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।*

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि हाल ही में सामने आए मुद्दों से स्पष्ट होता है कि आस्था और धार्मिक यात्राओं से जुड़े आयोजनों में पारदर्शी प्रक्रियाओं को दरकिनार किया जा रहा है। हज यात्रियों की आवाजाही, ठहराव और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए केंद्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी टेंडर प्रक्रियाओं में स्थापित सरकारी खरीद नियमों सीवीसी गाइडलाइंस का प्रत्यक्ष उल्लंघन देखा गया है। एल 1, कम बोलीदाता की अनदेखी टेंडर प्रक्रिया के तय नियमों के अनुसार न्यूनतम दर देने वाले योग्य बोलीदाता ;एल 1 को अनुबंध मिलना चाहिए। हालांकि, मामूली या मनगढ़ंत तकनीकी खामियों का हवाला देकर एल 1 बोलीदाताओं को बाहर कर दिया गया और अधिक बोली लगाने वाले एल 2 या एल 3 संस्थानों को ठेका आवंटित किया गया। प्रति हाजी 1,000 रियाल का वित्तीय बोझ एल 1 के स्थान पर एल 2/ एल 3 वेंडरों का चयन करने से प्रति हाजी लगभग 1,000 सऊदी रियाल, भारतीय मुद्रा में लगभग 22,000 से 23,000 का अनावश्यक अतिरिक्त खर्च उत्पन्न हो रहा है। करोड़ों का घोटाला यह अतिरिक्त खर्च सीधे तौर पर हाजियो की जेब से वसूला जा रहा है। कुल यात्रियों की संख्या के आधार पर यह राशि करोड़ों रुपये के वित्तीय नुकसान और सीध तौर पर बिचौलियों को लाभ पहुंचाने की नीति को दर्शाती है।

श्री तिवारी ने आगे कहा कि धार्मिक यात्राओं और सार्वजनिक सेवाओं के लिए जारी किए गए सभी टेंडर आवंटनों की केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीसी अथवा निष्पक्ष न्यायिक निकाय से तत्काल जांच कराई जाए। एल 1 को दरकिनार कर एल 2/एल 3 को दिए गए टेंडरों को रद्द कर हाजी यात्रियों पर थोपे गए 1,000 रियाल प्रति व्यक्ति के अतिरिक्त वित्तीय बोझ को तुरंत वापस लिया जाए। धार्मिक संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों द्वारा श्रद्धालुओं से लिए जा रहे सेवा शुल्कों और चंदों का पूरा ऑडिट सार्वजनिक किया जाए।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

|| श्री जीणमाता की जय || || जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

Associate Dealer
रुसिया मोटर्स हीरो
वारासिवनी Hero
सेल्स । सर्विस । स्पेयर
विशेष ऑफर 5000/- लाए और आसान किस्तें में गाड़ी ले जाए।
मो.- 9425822392
पता - मेन रोड, वारासिवनी



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, खैरलांजी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, कोचेवाही, बुदबुदा, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों की कथित वसूली, वारासिवनी में पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार..

## मैं खुद पहला शिकार हूं, लोगों के पैसे लौटाने जेवर और प्लॉट तक बेचा, अब परिवार पर आर्थिक संकट..

कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।



सरकारी और आउटसोर्स नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर बेरोजगारों से लाखों रुपये लेने का आरोप लगाते हुए वारासिवनी निवासी ब्रजकिशोर ठाकरे ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता ने लालबर्रा क्षेत्र निवासी सुमित वृषिक पर उच्च अधिकारियों और प्रभावशाली राजनीतिक लोगों से संपर्क होने का दावा कर उनसे तथा अन्य लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर रकम लेने का आरोप लगाया है। ठाकरे का दावा है कि पूरे मामले में लेन-देन की राशि एक करोड़ रुपये या उससे अधिक हो सकती है। हालांकि वास्तविक राशि और मामले की पूरी सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

### 70 हजार से शुरू हुआ सिलसिला, फिर बढ़ती गई रकम

ब्रजकिशोर ठाकरे के अनुसार सहारा इंडिया में ऑडिटर के रूप में कार्यरत रहने के दौरान सेबी की कार्रवाई के बाद उनकी नौकरी चली गई थी। आर्थिक कठिनाइयों के दौर में उनकी मुलाकात सुमित वृषिक से हुई। आरोप है कि विभिन्न विभागों में नौकरी लगवाने और बेहतर भविष्य का भरोसा देकर उन्हें विश्वास में लिया गया।

शिकायतकर्ता का कहना है कि सबसे पहले लगभग 70 हजार रुपये लेकर नेट लिंक में ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। इसके लिए नियुक्ति पत्र भी दिया गया, लेकिन नौकरी नहीं मिली। इसके बाद निःशक्त पुनर्वास विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब एक लाख रुपये लिए जाने का आरोप है। आगे ग्रामीण डाक सेवा सहित विभिन्न सरकारी और आउटसोर्स पदों पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर भी रकम लिए जाने की बात शिकायत में कही गई है।

### कुछ नियुक्तियों से बना भरोसा, फिर पहुंचने लगीं लोगों की फाइलें

ब्रजकिशोर का आरोप है कि कुछ लोगों को आउटसोर्स पदों पर नियुक्ति मिलने से उन्हें संबंधित व्यक्ति के प्रभाव और संपर्कों पर विश्वास हो गया। इसी भरोसे में उन्होंने अपने परिचितों और बेरोजगार युवाओं की फाइलें तथा आवेदन भी उसके माध्यम से आगे बढ़ाने शुरू कर दिए। लेकिन जब अधिकांश लोगों की नियुक्तियां नहीं हुईं और रकम वापस मांगने का सिलसिला शुरू हुआ तो पूरा दबाव ब्रजकिशोर पर आ गया।

### लोगों की रकम लौटाने जेवर और प्लॉट तक बेच दिया

शिकायतकर्ता के अनुसार सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने और लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए उन्होंने अपनी माता की वर्षों की जमा पूंजी खर्च की, परिवार के जेवर गिरवी रखे और अपना प्लॉट तक बेच दिया। उनका दावा है कि उन्होंने अपनी ओर से करीब 40 से 45 लाख रुपये लोगों को वापस किए। उनकी बहन द्वारा ऋण लेकर आर्थिक मदद किए जाने की बात भी उन्होंने कही है। इसके बावजूद कई लोगों की रकम लौटाना अभी बाकी होने का दावा किया गया है।

### बैंक ट्रांजेक्शन, चैट और रिकॉर्डिंग को बताया साक्ष्य

ब्रजकिशोर ने पुलिस को बताया है कि उनके पास बैंक खातों से हुए लेन-देन, मोबाइल चैट, फोन रिकॉर्डिंग, नियुक्ति संबंधी दस्तावेज और अन्य साक्ष्य मौजूद हैं। उनका दावा है कि इनकी जांच से रकम के लेन-देन और संबंधित लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकती है।

### रकम वापस मांगने पर धमकी का भी आरोप

ब्रजकिशोर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि रकम वापस मांगने पर उन्हें टालमटोल के जवाब दिए गए और बाद में कथित रूप से धमकियां भी दी गईं। उनका आरोप है कि सुमित वृषिक ने अपने प्रभावशाली लोगों से संबंध होने की बात कहते हुए कार्रवाई नहीं होने का भरोसा जताया।

### परिवार की जमा पूंजी खत्म, अब न्याय की उम्मीद

ब्रजकिशोर के अनुसार उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। उन्होंने कहा कि लोगों की रकम लौटाने की कोशिश में परिवार की वर्षों की बचत समाप्त हो गई और संपत्ति तक बेचनी पड़ी। अब वे पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

### पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने संबंधित बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की जांच, कॉल डिटेल एवं मोबाइल चैट की पड़ताल, नियुक्ति पत्र तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन कराने की मांग की है। साथ ही आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफकठोर कानूनी कार्रवाई और प्रभावित लोगों की रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### बालाघाट में ठगी के बदलते तरीके चिंता का विषय

बालाघाट जिले में पिछले कुछ वर्षों में पैसा दोगुना करने के नाम पर निवेश संबंधी बड़े मामले सामने आए हैं। लांजी-किरनापुर का चर्चित डबल मनी प्रकरण इसका बड़ा उदाहरण रहा है। वहीं ऑनलाइन ट्रेडिंग और नौकरी के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र के जरिए ठगी के मामले भी सामने आते रहे हैं। ऐसे मामलों के बीच नौकरी, निवेश अथवा अधिक मुनाफे का लालच देकर रकम मांगने वालों से सावधान रहने की जरूरत है।

### पुलिस का पक्ष जानने पर बुधवार को मिलेगा जवाब

मामले में पुलिस का पक्ष जानने के लिए वारासिवनी थाना प्रभारी अनूप कुमार उइके से फोन पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल बाहर हैं।

थाना प्रभारी उइके ने कहा कि वे वापस पहुंचने के बाद मामले की जानकारी लेकर पुलिस का पक्ष बताएंगे।

### अब नजर पुलिस कार्रवाई पर

ब्रजकिशोर ठाकरे की शिकायत के बाद अब निगाहें पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप और प्रस्तुत वित्तीय साक्ष्य सही पाए जाते हैं तो मामला केवल एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी तक सीमित न रहकर बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर कथित रूप से रकम जुटाने वाले व्यापक नेटवर्क की जांच का विषय बन सकता है।

# कटंगी सीएचसी में निःशुल्क ऑपरेशन के नाम पर वसूली! प्रसूता के परिजन से 6000 रुपये लेने का आरोप, शपथ-पत्र से मचा हड़कंप..

## ग्राम भजियापार के पीड़ित ने नोटरी के समक्ष दिया शपथपत्र, दो आशा कार्यकर्ताओं को बताया गवाह..

जगप्रेरणा कटंगी।

***जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी एक बार फिर सुर्खियों में है, और इस बार वजह बेहद गंभीर है। शासन द्वारा सरकारी अस्पतालों में प्रसव और ऑपरेशन को पूरी तरह निःशुल्क घोषित किए जाने के बावजूद कटंगी सीएचसी***

में एक प्रसूता के ऑपरेशन के एवज में 6 हजार रुपये की नगद राशि वसूलने का सनसनीखेज आरोप सामने आया है। पीड़ित ग्रामीण ने इस संबंध में बाकायदा 100 रुपये के स्टाम्प पर नोटरी के समक्ष शपथपत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई है।





मामला ग्राम भजियापार का है। पीड़ित धनेन्द्र पटले पिता बाबूलाल पटले, जाति पंवार, निवासी भजियापार, थाना व तहसील कटंगी ने दिनांक 01.09.2026 को कटंगी के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी आनंद राव टेंभरे के समक्ष शपथपत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी ललिता पटले का प्रसव संबंधी ऑपरेशन 21 अगस्त 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. सुजाता गेडाम द्वारा किया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन से पहले चिकित्सक द्वारा 6,000 रुपये की मांग की गई।

शपथपत्र में धनेन्द्र पटले ने स्पष्ट रूप से कथन किया है कि जब उसने पैसे देने में असमर्थता जताई तो चिकित्सक ने उसकी पत्नी का ऑपरेशन करने से इंकार करते हुए उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर करने की बात कही। पत्नी की नाजुक हालत और ऑपरेशन की तात्कालिकता को देखते हुए गरीब परिवार के पास कोई विकल्प नहीं बचा। पीड़ित का कहना है कि वह मजबूरन उसी दिन 21.08.2026 को ही डॉ. गेडाम को 6,000 रुपये नगद देने को बाध्य हुआ।

पीड़ित ने इस लेन-देन के लिए दो गवाहों के नाम भी शपथपत्र में दर्ज कराए हैं - आशा कार्यकर्ता प्रभा मेश्राम, भजियापार और रेखा बापेचे, कालीमाटी। पीड़ित ने शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 तक के सभी कथनों को अपने ज्ञान और विश्वास से सत्य होना सत्यापित किया है।

यह घटना सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े करती है। केन्द्र सरकार की जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी अस्पतालों में प्रसव, ऑपरेशन, दवाइयां, जांच और भोजन तक निःशुल्क है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब महिला पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सरकारी अस्पतालों तक लाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है। लेकिन जब अस्पताल के अंदर ही पैसे की मांग होने लगे तो शासन की पूरी मंशा पर ही पानी फिर जाता है।

कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहले भी कई बार अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां अक्सर मरीजों से बाहर से दवाइयां लाने, जांच प्राइवेट में कराने और ऑपरेशन के नाम पर पैसों की मांग की शिकायतें आती रही हैं। लेकिन लिखित में शपथपत्र के साथ इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया है।



इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी आशा कार्यकर्ताओं की गवाही बन सकती है। शपथपत्र में जिन दो आशा कार्यकर्ताओं का नाम गवाह के रूप में लिखा गया है, वे स्वास्थ्य विभाग की ही कर्मी हैं। अगर उनकी गवाही में इस लेन-देन की पुष्टि होती है तो यह मामला और भी गंभीर हो जाएगा।

इधर, घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि एक दिहाड़ी मजदूर और छोटे किसान के लिए 6000 रुपये बड़ी रकम है। प्रसव के समय महिला की जिंदगी और मौत का सवाल होता है, ऐसे समय में पैसों के लिए दबाव बनाना मानवता के खिलाफहै।

आशुतोष बिसेन बोले - यह रिश्वत नहीं, गरीब की मजबूरी का सौदा है, बर्दाश्त नहीं करेंगे*

इस पूरे मामले को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, बालाघाट के अध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक और अमानवीय करार दिया है।

अपने आधिकारिक बयान में आशुतोष बिसेन ने कहा, ÷कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गरीब ग्रामीण से प्रसव के ऑपरेशन के नाम पर 6,000 रुपये की रिश्वत लेना बेहद शर्मनाक और अमानवीय है। पीड़ित ग्रामीण ने नोटरी के सामने शपथपत्र देकर जो आरोप लगाए हैं, वे इस बात का सबूत हैं कि सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार किस कदर हावी हो चुका है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है। सरकारी अस्पतालों में प्रसव और ऑपरेशन जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क हैं, वहां डॉक्टरों द्वारा इस तरह की अवैध वसूली मरीजों के अधिकारों का सीधा हनन है। यह ग्राहक अधिकारों और मानव अधिकारों दोनों का उल्लंघन है।÷

आशुतोष बिसेन ने प्रशासन से की ये मांग

आशुतोष बिसेन ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा, ÷हम जिला कलेक्टर बालाघाट और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मांग करते हैं कि इस मामले की तत्काल और निष्पक्ष जांच की जाए। पीड़ित के शपथपत्र को गंभीरता से लेते हुए गवाह आशा कार्यकर्ताओं के बयान दर्ज किए जाएं और पूरे मामले की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ जांच हो। दोषी महिला चिकित्सक के खिलाफसख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी डॉक्टर किसी गरीब की मजबूरी का इस तरह फायदा उठाने की हिम्मत न कर सके।÷उन्होंने चेतावनी भी दी है कि, ÷अगर जल्द ही इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो हमारा संगठन ग्राहकों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन को मजबूर होगा। हम इस मामले को राज्य स्तर तक ले जाएंगे और लोक सेवा गारंटी और उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत भी शिकायत दर्ज कराएंगे।÷

फिलहाल, इस शपथपत्र के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गया है। देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता से जांच करता है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाता है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में चिकित्सा विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

# जर्जर सड़क और क्षतिग्रस्त पुलिया से आवागमन बेहाल, शीघ्र निर्माण की मांग

## सावरी पहुंचे जावेद अली, ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए; कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को कराया अवगत

कैलाश कसार, वारासिवनी जगप्रेरणा।



कांग्रेस राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिला अध्यक्ष जावेद अली ने जिला कलेक्टर श्री कुमार सत्यम को आवेदन पत्र सौंपते हुए वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 112 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सावरी से लोधीटोला मार्ग की जर्जर हालत एवं क्षतिग्रस्त पुलिया की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सड़क अत्यंत खराब हो चुकी है और पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामवासियों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं मरीजों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित है कि ग्रामीणों के बार-बार आग्रह पर 9 अगस्त 2026 को जावेद अली ग्राम सावरी पहुंचे थे, जहां उन्होंने मौके पर सड़क एवं पुलिया की जर्जर स्थिति का जायजा लिया था तथा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए थे उन्होंने बताया कि मार्ग के आसपास स्कूल एवं अस्पताल होने के कारण लोगों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में पुलिया पानी से भर जाने के कारण आवागमन बंद हो जाता है, जिससे ग्रामीणों, मरीजों एवं छात्र-छात्राओं को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए जावेद अली ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सरसवार, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री भरत अड़में तथा ब्रिज कॉरपोरेशन (सेतु विभाग) के एसडीओ श्री सनोडिया से भी मुलाकात कर सड़क एवं पुलिया के शीघ्र निर्माण का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को देखते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया और जर्जर सड़क का तत्काल प्रभाव से निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है।

जावेद अली की मांग पर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम सहित संबंधित अधिकारियों ने समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सड़क एवं पुलिया निर्माण को स्वीकृत करवाकर कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। इस दौरान प्रदेश सचिव राकेश सिंघारे, प्रकाश दुबे, जिला सचिव अरशद कुरैशी एवं राजेश कोलते सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी सड़क एवं पुलिया के शीघ्र निर्माण की मांग करते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## बिरसा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी, 379 बच्चों में से 323 स्वस्थ होकर लौटे घर, 56 बच्चों का जिला अस्पताल में उपचार जारी, घर-घर स्वास्थ्य सर्वे और टीकाकरण अभियान जारी

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बिरसा विकासखंड के ग्राम कुंडेकसा, अडोरी, कोरका एवं बांदरी सहित प्रभावित क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी, बुखार, चर्मरोग, मीजल्स, स्कैबीज एवं मलेरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विगत एक माह में अस्पताल में भर्ती कराए गए 379 बच्चों में से 323 बच्चे स्वस्थ होकर अपने गांव लौट चुके हैं। वर्तमान में 56 बच्चे अस्पताल में उपचाररत हैं। आज 36 बच्चोंा के स्वसस्येकर होने पर उन्हेंक अस्प ताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की 20 सर्वेक्षण टीमें घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं। इसके अलावा 4 पीएम जनमन एएमएमयू, 10 चिकित्सा अधिकारी तथा मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 4 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बच्चों के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रही हैं। अब तक किए गए सर्वेक्षण में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 963 मरीज चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 323 मरीजों को अस्पताल में उपचार दिया गया, जबकि 584 मरीजों को घर पर ही उपचार प्रदान कर स्वस्थ किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुंडेकसा, बांदरी, कोरका, घुम्मुर, अडोरी, मछुरदा, गठिया एवं मातला सहित आसपास के क्षेत्रों में घर-घर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान 825 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक, ओआरएस एवं जिंक टैबलेट वितरित किए गए। वहीं 718 बच्चों को आयरन सिरप तथा 622 बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई गई। टीकाकरण अभियान के तहत आज 27 सत्रों में 904 बच्चों का टीकाकरण किया गया। अब तक 247 सत्रों के माध्यम से कुल 13,279 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए भी अभियान जारी है। आज 67 ग्रामों के 4,338 मकानों में कीटनाशक का छिड़काव तथा 105 ग्रामों के 7,529 घरों में इनडोर एवं आउटडोर फॉगिंग की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम, उपचार और निगरानी के लिए मैदानी स्तर पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# नगर की सडको के दोनो छोर पर फैले मनमानी अतिक्रमण को नपा परिषद करेगी व्यवस्थित.. प्रदीप जायसवाल..

## जनता दरबार मे एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार की समस्याओ के समाधान के प्रयास को जनता कर रही बेहद पंसद

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद मे आज मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने नागरिको से सीधा संवाद, उनकी समस्याओ को सुनकर समाधान की दिशा मे आवश्यक पहल की।***







आज भी जनमानस की भारी भीड ने साबित कर दिया की जनता भी एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार की समस्याओ के समाधान के प्रयास को बेहद पंसद कर रही है।

जनता दरबार मे आज वार्ड एक पारस नगरी से लगभग आधा दर्जन महिलाओ ने आकर शिकायत दर्ज करायी की अधिक संख्या मे मकान निर्माण के बाद भी सडक व नाली की कमी सभी को महसूस हो रही है। इस कमी के कारण रास्तो मे कीचड व बरसात के पानी के जमाव ने परेशानीयो को बडा दिया है।

साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिये विधूत खंबो की समस्या भी परेशानी का सबब बन रही है। इस समस्या को गंभीरता से लेकर नपा प्रशासन ने अधिकारीयो को स्थल निरिक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के तत्काल निर्देश प्रदान किये है।

इसी तरह नेहरू चैक के हाथ ठेला संघ ने एक साथ आकर अवगत कराया की उनके टीन शैड के नीचे साफसफाई सहित बैठने की व्यवस्था अति आवश्यक है। सौदर्यीकरण के इस कार्य मे मेहनत करने के लिये भी संघ तैयार है। इसी तरह वार्ड 15 से श्री शरद डेकाटे ने लिखित शिकायत मे बताया की नगर मे अनेको जगहो चाय दुकानो सहित अन्य व्यवसायी बर्तन धोने सहित अन्य कार्यो का पानी सडक पर ही बहा देते है। साथ ही कुछ दुकानदार अपनी दुकान के सामने ही अनुपयोगी सामग्री फेककर आवागमन की व्यवस्था को प्रभावित कर रहे है। इन समस्याओ पर नपा परिषद ने तत्काल अपनी गंभीरता दिखायी है।

जनता दरबार मे आज प्राचीन श्रीराम मंदिर के सामने से संस्कृति वस्त्रालय तक सडक किनारे मनमानी वाहनो के खडे होने व आवागमन प्रभावित होने पर भी गंभीरता दिखायी गयी। साथ ही अनुमति से अधिक निर्माण कार्य को संज्ञान मे लेकर तत्काल उपयंत्री को निर्देश प्रदान किये गये। इसी तरह नपा अध्यक्ष, सीएमओ व पुरी टीम ने निर्णय लिया की मुनादी के बाद अब आखरी बार संयूक्त टीम बनाकर मुख्य नगर पर दुकानदारो से अपील की जायेगी। जिससे सडक किनारे, फुटपाट पर और मनमानी अतिक्रमण को हटाने का निवेदन किया जायेगा। अन्यथा कडक कार्यवाही की चेतावनी भी दी जायेगी।

नपा के सफाई अमले को बुलाकर नगर सहित मकानो के पीछे की नालियो तक मे किटनाशक का छिडकाव, फागींग मशीनो से मच्छरो का खात्मा और बेतहाशा बड गये आवारा कुत्तो को पकडने के लिये बालाघाट के एनजीओ की मदद लेने का निर्देश अमले व कार्य प्रभारीयो को प्रदान किया गया।

इसी तरह शिव शंभू समिति वार्ड एक और दो, भैरवगंजवासीयो ने आकर मांग की है की एफसीआई गोदाम के सामने मदनपुर रोड पर स्टीट लाईट व मंदिर परिसर मे हाईमास्क की सुविधा निंतात जरूरी है। दूसरी ओर जनता दरबार मे आज वार्ड चार मे सडक मार्ग की बाधा को न्यायपूर्ण तरीके से हटाने के कार्य से प्रसन्न होकर अरविंद तिवारी, संतोष त्रिवेदी सहित अन्य ने जनता दरबार मे आकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433






विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# 6 सितम्बर को लामता बंद को विधायक मधु भगत का पूर्ण समर्थन, स्टॉपेज के लिए महाप्रबंधक को लिखा पत्र



जगप्रेरणा लामता।

***लामता रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित क्षेत्र की विभिन्न रेल सुविधाओं की मांग को लेकर लामता क्षेत्रवासियों द्वारा 6 सितम्बर 2026 को लामता बंद का आह्वान किया गया है।***

इस आंदोलन को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने पूर्ण समर्थन दिया है। विधायक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर लामता रेलवे स्टेशन पर गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का कम से कम दो मिनट का ठहराव (स्टॉपेज) सुनिश्चित करने की मांग की है।

विधायक मधु भगत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि लगभग छह माह से उनके विधानसभा क्षेत्र के लामता रेलवे स्टेशन के आसपास के करीब 40 गांवों के ग्रामीण इस मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लामता रेलवे स्टेशन से रेलवे को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, बावजूद इसके यहां प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का पर्याप्त ठहराव नहीं है।

पत्र में कहा गया है कि 6 सितम्बर को लामता बंद का आह्वान किया गया है और आंदोलन के माध्यम से क्षेत्र की जनता अपनी लंबे समय से लंबित मांग को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखने जा रही है। विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते रेलवे प्रशासन द्वारा इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

मधु भगत ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में रेलवे विभाग द्वारा पंचवेली एक्सप्रेस को नागपुर से भोपाल के बजाय विस्तारित कर बालाघाट और गोंदिया तक चलाने संबंधी पत्र जारी किया गया था, लेकिन इस दिशा में अब तक अपेक्षित अमल नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रवासियों में असंतोष बढ़ रहा है। विधायक ने मांग की है कि पंचवेली एक्सप्रेस को शीघ्र गोंदिया-बालाघाट से प्रारंभ किया जाए तथा लामता रेलवे स्टेशन पर इसका भी कम से कम दो मिनट का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अपने पत्र की प्रतिलिपि डीआरएम बिलासपुर, डीआरएम नागपुर सहित स्थानीय समाचार माध्यमों को भी भेजी है। विधायक के समर्थन के बाद 6 सितम्बर के लामता बंद को लेकर क्षेत्र में आंदोलन को और मजबूती मिलने की संभावना है। लामता सहित आसपास के ग्रामीण अब रेलवे प्रशासन के निर्णय की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।

# कटंगी रेलवे स्टेशन के जर्जर एप्रोच रोड का होगा पुनर्निर्माण, रेलवे अधिकारियों ने दिया आश्वासन

## रेलवे अप डाउनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहल पर जागा रेल प्रशासन, इसी हफ्ते गड्ढे भरने के निर्देश

जगप्रेरणा कटंगी।

***तुमसर-बालाघाट रेल खंड के महत्वपूर्ण स्टेशन कटंगी के जर्जर एप्रोच रोड के स्थायी पुनर्निर्माण की उम्मीद अब जगी है। रेलवे अप डाउनर्स प्रोफेसिव वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई बालाघाट के अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में***

किए गए प्रयासों के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मार्ग को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा ने शनिवार को नागपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता / समन्वय (स्ह्र ष्ठश्वह्र/ष्टश्) और वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर (स्ह्र ष्ठश्वह्र/हृश्वह्लह्रद्ध) से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कटंगी रेलवे स्टेशन के एप्रोच रोड की बदहाल स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराया और इस संबंध में मांग पत्र भी सौंपा।

बताया जाता है कि कटंगी रेलवे स्टेशन का एप्रोच रोड केवल रेल यात्रियों के लिए ही नहीं, बल्कि कटंगी नगर सहित आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन वर्तमान में यह सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों और टूट-फूट के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और बुजुर्ग यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार फिसलन के कारण हादसे की आशंका भी बनी रहती है।



स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से इस सड़क के स्थायी सुधार की मांग की जा रही है। रेलवे अप डाउनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पूर्व में भी कई बार रेल प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से इस समस्या से अवगत कराया गया था। स्थानीय स्तर पर समाजसेवियों द्वारा गड्ढों में मुरुम और मलबा डालकर अस्थायी तौर पर मरम्मत का प्रयास भी किया गया, लेकिन स्थायी समाधान न होने के कारण समस्या जस की तस बनी रही। इस बार की बैठक में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार रेल अधिकारियों ने स्वयं यह स्वीकार किया कि वे सड़क की वर्तमान स्थिति को लेकर गंभीर और चिंतित हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने पिछले सप्ताह ही कटंगी एप्रोच रोड का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया है और वे जमीनी हकीकत से वाकिफहैं।

एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान ही वरिष्ठ अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ढ्ढङ्ख बालाघाट को फोन पर निर्देशित किया कि इसी सप्ताह के भीतर कटंगी स्टेशन के एप्रोच रोड पर मौजूद सभी बड़े गड्ढों में मलबा डालकर अस्थायी मरम्मत की जाए, ताकि बारिश के मौसम में यात्रियों को तत्काल राहत मिल सके।

इसके साथ ही अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया कि बारिश का मौसम समाप्त होते ही इस एप्रोच रोड के स्थायी पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए एस्टीमेट और टेंडर की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की बात कही गई है।

अधिकारियों के इस सकारात्मक रुख के बाद क्षेत्र के रेल यात्रियों और स्थानीय नागरिकों में उम्मीद जगी है। रेलवे अप डाउनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अधिकारियों के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने कहा है कि कटंगी रेलवे स्टेशन और तुमसर-बालाघाट रेल खंड से जुड़ी यात्री सुविधाओं को लेकर उनका संघर्ष और प्रयास निरंतर जारी रहेगा। एसोसिएशन अस्थायी सुधार के साथ-साथ स्थायी पुनर्निर्माण कार्य की प्रगति पर भी नजर बनाए रखेगा, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द ही बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# देश सेवा के 24 वर्ष पूर्ण कर लौटे हवलदार तूफान सिंह, कटंगी में हुआ वीर सपूत का भव्य स्वागत..





जगप्रेरणा कटंगी।

***मातृभूमि की 24 वर्षों तक निस्वार्थ सेवा कर जब एक जवान अपने गृहग्राम लौटता है तो पूरा क्षेत्र गर्व से झूम उठता है। कुछ ऐसा ही नजारा मंगलवार को कटंगी में देखने को मिला, जब भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त होकर हवलदार तूफान सिंह राहंगडाले अपने गृहग्राम सेलवा पहुंचे।***

ग्राम सेलवा निवासी हवलदार तूफान सिंह राहंगडाले ने भारतीय थल सेना के 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग वर्क' विभाग में हवलदार के पद पर रहकर देश की 24 वर्षों तक गौरवमयी सेवा की। सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर परिजनों और क्षेत्रवासियों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया।

मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे जैसे ही हवलदार तूफान सिंह कटंगी बस स्टैंड पहुंचे, पहले से मौजूद सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय के गगनभेदी जयकारों के साथ उनका अभिनंदन किया। फूल-मालाओं से लादकर और मिठाई खिलाकर लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त की। युवाओं में वीर जवान के साथ सेल्फी लेने और गले मिलने की होड़ लगी रही। देश के सच्चे सपूत को नजदीक से देखने के लिए बस स्टैंड पर जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

यह क्षण परिवार के लिए बेहद भावुक रहा। पिता केशोराव राहंगडाले की आंखें अपने बेटे को सकुशल घर लौटते देख गर्व और खुशी से नम हो गईं। भाई टेनी सिंह राहंगडाले, भीकम सिंह राहंगडाले सहित पूरे परिवार ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।

स्वागत समारोह में ग्राम सेलवा के सरपंच देवेन्द्र देशमुख सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने हवलदार तूफान सिंह की कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की सराहना की।

वहीं कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने भी हवलदार का सम्मान करते हुए कहा कि तूफान सिंह जी ने 24 वर्षों तक देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी इस देशसेवा को नमन है और हम उनके सुखद, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं।

# ग्राम पोनिया में शुरू हुई 'संस्कार ज्ञानदीप निशुल्क कोचिंग', समाजसेवी आलोक चौधरी की पहल से ग्रामीण बच्चों को मिलेगी नई उड़ान

## कक्षा 5वीं से 8वीं तक के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास पर रहेगा विशेष फोकस..





जगप्रेरणा कटंगी।

***शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानते हुए ग्राम पोनिया में एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत हुई है। समाजसेवी आलोक चौधरी द्वारा 'संस्कार ज्ञानदीप निशुल्क कोचिंग' का विधिवत शुभारंभ किया गया है।***

इस कोचिंग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करना है। इस कोचिंग सेंटर में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों को नियमित रूप से निशुल्क पढ़ाया जाएगा। यहाँ बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के साथ-साथ अतिरिक्त अध्ययन सामग्री, होमवर्क में मार्गदर्शन और परीक्षा की विशेष तैयारी कराई जाएगी। ग्रामीण परिवेश के कारण जो बच्चे महंगी कोचिंग या शहर में जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते, उनके लिए यह पहल वरदान साबित होगी।

इस कोचिंग की सबसे खास बात यह है कि यहाँ केवल किताबी ज्ञान ही नहीं दिया जाएगा। बच्चों में अच्छे संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ताकि बच्चे न केवल पढ़ाई में अव्वल आएं, बल्कि एक अच्छे नागरिक के रूप में भी विकसित हों।

समाजसेवी आलोक चौधरी शिक्षा के क्षेत्र में पहले से ही सक्रिय रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने गांव में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन कर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया था। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यह निशुल्क कोचिंग शुरू की है।

इस अवसर पर ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के प्रयास गांव के भविष्य को मजबूत करते हैं और बच्चों के सपनों को नई दिशा देते हैं। निशुल्क कोचिंग शुरू होने से अभिभावकों में भी खुशी का माहौल है।

# जाम माइंस प्रबंधन ने निभाया वादा, सीएसआर से कराए विकास कार्य..







जगप्रेरणा कटंगी।

जाम माइन ऑनर द्वारा सीएसआर मद से क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला में तालाब निर्माण एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है। माइन प्रबंधन की आनर नम्रता उपाध्याय द्वारा पंचायत सरपंचों एवं ग्रामवासियों से किए गए वादे को पूरा करते हुए ये कार्य संपन्न कराए गए हैं।

जानकारी के अनुसार जाम क्षेत्र में नवनिर्मित तालाब का निर्माण सीएसआर राशि से कराया गया है। तालाब के निर्माण से क्षेत्र में जल स्तर में सुधार होगा और ग्रामीणों को निस्तार की सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित तालाब की पार पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

इसी कड़ी में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए भी पहल की गई है। जाम स्थित प्रसिद्ध कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को देखते हुए रेलिंग लगवाई गई है। इससे मंदिर परिसर में व्यवस्था बनी रहेगी और बुजुर्गों व बच्चों को दर्शन में आसानी होगी।

वहीं अर्जूनी पंचायत के शिव मंदिर में भी ग्रामवासियों की लंबे समय से मांग थी। ग्रामीणों की मांग पर शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। मंदिर में नया प्रवेश द्वार (गेट) लगाया गया है, चारों तरफ रेलिंग और फर्श पर टाइल्स लगवाई गई है। जीर्णोद्धार के बाद मंदिर का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है।

ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं ग्रामीणों ने जाम माइन प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि माइन प्रबंधन द्वारा सीएसआर का पैसा सही मायने में जनहित में खर्च किया जा रहा है। इससे पहले भी माइन प्रबंधन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई कार्य कराए जा चुके हैं।

इस अवसर पर माइन प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह कार्य जारी रहेंगे।






# जन्माष्टमी विसर्जन को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश..





जगप्रेरणा तिरोड़ी/कटंगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने के लिए तहसील कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले एवं थाना प्रभारी श्री विजय राजपूत ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आजाद चौक कृष्ण जन्माष्टमी समिति और महादेव चौक कृष्ण जन्माष्टमी समिति के बीच समन्वय स्थापित कर विसर्जन के दौरान होने वाले विवाद को रोकना था। बैठक में ग्राम पंचायत तिरोड़ी के सरपंच एवं शांति समिति के प्रमुख सदस्य अविनाश देशमुख, आनंद नाग, राजा देवांगन, सतीश उइके और आनंद ब्रम्हईया सहित दोनों उत्सव समितियों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्षों में विसर्जन के समय दोनों समितियों के आमने-सामने आने से तनाव की स्थिति बन जाती थी। इसे देखते हुए इस बार प्रशासन ने कड़े नियम तय किए हैं। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि जो समय निर्धारित किया जाएगा उसी के अंदर विसर्जन करना होगा और रात दस बजे तक विसर्जन पूर्ण करना अनिवार्य होगा। डीजे की आवाज एसडीएम द्वारा तय मानक के भीतर ही रखनी होगी और जुलूस में केवल भजनों का ही उपयोग होगा। यह भी तय हुआ कि कोई भी समिति दूसरी समिति की मटकी नहीं बांधेगी, एक दूसरे के पास रुककर हंगामा नहीं करेगी और जुलूस में बाहरी लड़कों को शामिल नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के विवाद की स्थिति बनने पर पूरी समिति जवाबदार होगी। बैठक में सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने पर सहमति जताई।










## लियोनेल मेसी ने 39 साल की उम्र में किया संन्यास का ऐलान, इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*फुटबॉल की दुनिया के एक सुनहरे दौर का अंत हो गया है। अर्जेंटीना के दिग्गज स्टार लियोनेल मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अर्जेंटीना की जर्सी में दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर जादू बिखेरने वाले मेसी अब नेशनल टीम के लिए खेलते नजर नहीं आएंगे।*



मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताब जीता था। 2026 में भी टीम मेसी की कप्तानी में फाइनल खेली, लेकिन स्पेन से हारकर लगातार दूसरा खिताब जीतने से चूक गई। मेसी ने अपने भावुक विदाई संदेश में बताया कि यह फैसला लेना उनके लिए बेहद मुश्किल था। उन्होंने लिखा कि उन्होंने देश के लिए अपना सबकुछ दिया और अब उन्हें लगता है कि आगे देने के लिए उनके पास कुछ नहीं बचा है। मेसी के मुताबिक, यह निर्णय उनके दिल को गहराई तक चोट पहुंचाने वाला था, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि अब यही सही समय है।

### मेसी ने लिखी इमोशनल पोस्ट..

मेसी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- फाइनल के बाद उन्होंने इस बारे में अच्छी तरह सोच-विचार करने के बाद यह तय किया है कि वह नेशनल टीम से रिटायर हो रहे हैं। यह एक ऐसा फैसला था जिसने उन्हें अंदर तक दुखाया, लेकिन उन्हें एहसास है कि अब सही समय आ गया है।

उन्होंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है, न सिर्फहाल के सालों में जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। उन्होंने हमेशा इस जर्सी के लिए कड़ी मेहनत की और अपना सब कुछ झोंक दिया, ताकि आपको खुशी दे सके और फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीना का होने पर गर्व महसूस करा सके।

### 2022 में पूरा हुआ सपना..

मेसी के अंतरराष्ट्रीय करियर का सबसे यादगार पल 2022 में आया, जब उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने कतर में वर्ल्ड कप का खिताब जीता। यह अर्जेंटीना का 1986 के बाद पहला वर्ल्ड कप था। मेसी ने उस टूर्नामेंट में सात गोल किए और टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इसके अलावा मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने 2021 और 2024 में लगातार दो बार कोपा अमेरिका का खिताब भी जीता। 2026 वर्ल्ड कप में भी उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन खिताबी मुकाबले में स्पेन से हार के बाद अर्जेंटीना को खाली हाथ लौटना पड़ा। मेसी का यह छठा वर्ल्ड कप था। वह पुरुष वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार टूर्नामेंट खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। अपने करियर में उन्होंने तीन वर्ल्ड कप फाइनल खेले। 2014 में अर्जेंटीना को जर्मनी के खिलाफ हार मिली थी। वहीं, 2022 में टीम चैंपियन बनी और 2026 में उसे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। मेसी ने अपने आखिरी वर्ल्ड कप में आठ गोल किए और चार गोल में असिस्ट किया।

### पिता के निधन के बाद करियर को लेकर उठे थे सवाल..

इस महीने की शुरुआत में मेसी ने अपने पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद लंबे समय तक खेल जारी रखने को लेकर संदेह जताया था। उनके पिता का 8 अगस्त को 68 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बावजूद मेसी क्लब स्तर पर खेलना जारी रखेंगे। वह इस समय अमेरिका के मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी का हिस्सा हैं। उनका मौजूदा करार 2028 **MLS** सीजन तक है।

## संजय लीला भंसाली की 'पद्मावत' पर स्वरा भास्कर ने उठाए सवाल, 'जौहर' वाले सीन को बताया 'कायरतापूर्ण', गुस्साए लोग..

डेस्क जगप्रेरणा।

*स्वरा भास्कर लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में छा जाती हैं। अब एक बार फिर स्वरा अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं।*



हाल ही में उन्होंने संजय लीला भंसाली की 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'पद्मावत' के 'जौहर' वाले सीन को लेकर सवाल खड़े किए। एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज के बाद भी संजय लीला भंसाली को ओपन लेटर लिखा था और फिल्म की कड़ी आलोचना की थी और अब एक बार फिर उन्होंने फिल्म के जौहर वाले सीन पर सवाल खड़े किए हैं। स्वरा ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने अपने उस बयान का बचाव किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'जौहर' को फिल्म में जिस तरह दिखाया गया है, वह महिलाओं के प्रति गलत संदेश देता है।

### क्या बोलीं स्वरा भास्कर?

स्वरा भास्कर ने 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में आयोजित एक इवेंट के दौरान बातचीत में पद्मावत के जौहर वाले सीन पर खुलकर चर्चा की और इसे लेकर एक बार फिर अपनी रुख साफ किया। एक्ट्रेस ने तर्क दिया कि इस तरह की फिल्में समाज में महिलाओं के प्रति ये धारणा मजबूत करती हैं कि अगर वह रेप विक्टिम हैं या उनके साथ कुछ गलत हुआ है तो उन्हें जीने का अधिकार नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे महिला का सम्मान केवल उसकी शारीरिक पवित्रता से ही जुड़ा है।

### स्वरा भास्कर का बयान..

स्वरा भास्कर ने इस बारे में बात करते हुए कहा- 'भगवान न करे कि मैं कभी भी रेप का शिकार होती, लेकिन अगर मेरे साथ कुछ गलत होता तो मुझे उनकी फिल्म क्या संदेश देती? यही कि मैं कायर हूं और अपनी इज्जत बचाने के लिए मुझे अपनी जान दे देनी चाहिए, मुझे खुदकुशी कर लेनी चाहिए? आखिर आप हमारे समाज को क्या बताना चाहते हैं? यहां रेप की समस्या महामारी की तरह फैल चुकी है, तो क्या आप हमारे समाज की महिलाओं को ये मैसेज देना चाहते हैं कि जिनके साथ रेप हुआ है वो जीने के लायक नहीं हैं, उन्हें खुदकुशी कर लेनी चाहिए? वो इज्जतदार और बहादुर महिलाएं भी कहला सकती थीं? क्या रेप का मतलब महिला की जिंदगी का अंत है? ये बहुत ही आपत्तिजनक है।'

### स्वरा भास्कर के बयान पर गुस्साए नेटिजंस..

स्वरा भास्कर का बयान जैसे ही वायरल हुआ सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने उन्हें निशाने पर लेना शुरू कर दिया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कई यूजर्स ने एक्ट्रेस के इस बयान का वीडियो शेयर करते हुए नाराजगी जताई। एक ने कहा कि इस तरह कमरे में बैठकर बड़ी-बड़ी बातें करना आसान है, जबकि उस समय की महिलाओं के लिए इससे जूझना बहुत मुश्किल था। वहीं एक ने उनके बयान को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि जौहर करने वाली महिलाएं अपने सम्मान और धर्म की रक्षा के लिए अडिग थीं।

### स्वरा भास्कर को हुआ था डेंगू..

स्वरा भास्कर अगस्त महीने की शुरुआत में अपने स्वास्थ्य को लेकर भी चर्चा में रहीं। स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया था कि वह डेंगू से जूझ रही हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसमें वह हॉस्पिटल के बेड में नजर आ रही थीं। इस तस्वीर के सामने आते ही फैंस ने उनकी अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना करना शुरू कर दिया।

## गोंदिया पुलिस ने महिला गांजा तस्कर को 934 ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार..

डेस्क जगप्रेरणा।

*रोहित शेट्टी के शो में पुराने कंटेस्टेंट की वापसी हो सकती है। ऐसा लगता है कि टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना को स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में दूसरा मौका मिला है। शो के एक नए प्रोमो से गौरव की वापसी का संकेत मिला है।*



आने वाले एपिसोड की झलक में एक्टर को शो में दोबारा एंट्री करते और ऊंचाई वाला स्टंट करते हुए देखा जा सकता है, जिससे पता चलता है कि शो में उनका सफर शायद अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले एलिमिनेशन टास्क के दौरान, बदकिस्मती से वे घायल हो गए थे और उन्हें टास्क बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### एल्बो इंजरी की वजह से गौरव खन्ना हुए थे बाहर..

'खतरों के खिलाड़ी 15' के एलिमिनेशन स्टंट में कंटेस्टेंट्स को एक संकरे पुल से घूमते हुए पुल पर कूदना था और साथ ही अलग-अलग रंगों के झंडे इकट्ठा करके उन्हें सही जगह पर लगाना था। चूंकि दोनों पुल पानी के काफी ऊपर लटके हुए थे, इसलिए बैलेंस बनाए रखने की वजह से यह टास्क काफी मुश्किल हो गया था। गौरव ने टास्क की अच्छी शुरुआत की, लेकिन एक पल के लिए उनका बैलेंस बिगड़ा और वे पानी में गिर गए। टास्क के दौरान उनके कंधे में चोट लग गई और आखिरकार वे शगुन और रुबीना से हार गए।

### गौरव खन्ना की हुई वापसी..

मेकर्स ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें गौरव खन्ना का कमबैक दिखाया गया है। हालांकि, प्रोमो में उनकी वापसी की असल वजह का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन गौरव की मौजूदगी से लगता है कि शो में उनका सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। अब दर्शकों को यह जानने के लिए आने वाले एपिसोड का इंतजार करना होगा कि वह प्रतियोगिता में उन्होंने कैसे वापसी की है। प्रोमो के कैप्शन में लिखा था, 'गौरव ने किया डर के नए दौर में सबसे बड़ी वापसी! देखिए 'खतरों के खिलाड़ी 15', 5 और 6 सितंबर, रात 9 बजे सिर्फ कलर्स और जियो हॉटस्टार पर।'

### खतरों के खिलाड़ी 15 से शगुन शर्मा हुई बाहर..

इस बीच, हाल ही में पॉपुलर स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में एक्ट्रेस शगुन शर्मा का सफर खत्म हो गया। उन्हें एलिमिनेशन टास्क में अपने साथी कंटेस्टेंट हर्ष गुजराल और जैस्मीन भसीन से हार का सामना करना पड़ा। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर शगुन अपने चुलबुले स्वभाव की वजह से **KKK** 15 में काफी एंटरटेनिंग रहीं। हालांकि, टास्क करने में उन्हें काफी मुश्किल हुई और स्टंट्स में उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने अपने सफर के दौरान कई स्टंट्स बीच में ही छोड़ दिए थे।

## हाथ में भाला और खून से लथपथ अवतार, रश्मिका मंदाना की एक्शन थ्रिलर 'मैसा' की रिलीज डेट का ऐलान..

डेस्क जगप्रेरणा।

*नेशनल क्रश के नाम से मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जल्द ही एक बेहद निडर और खूंखार अवतार में बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। उनकी बहुचर्चित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मैसा' को लेकर लंबे समय से बज बना हुआ था*



और अब मेकर्स ने इसकी आधिकारिक रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज की जाएगी। भारतीय सिनेमा में महिलाओं के नेतृत्व वाली पहली इतनी बड़ी पैन-इंडिया फिल्मों में से एक मानी जा रही 'मैसा' में रश्मिका का एक ऐसा रूप देखने को मिलेगा, जो दर्शकों ने इससे पहले कभी नहीं देखा है।

### 27 नवंबर को रिलीज होगी रश्मिका की 'मैसा'..

फिल्म के मेकर्स ने एक नया पोस्ट शेयर करते हुए आधिकारिक तौर पर रिलीज डेट की घोषणा की है। इस पोस्टर में रश्मिका मंदाना का एक बेहद पावरफुल और प्रभावशाली रूप सामने आया है। निर्माताओं ने रश्मिका के किरदार का परिचय देते हुए लिखा कि वह स्वभाव से बेहद सहनशील, अपनी पसंद से निडर और आत्मा से अटूट हैं। मेकर्स ने दर्शकों को रश्मिका के इस अनदेखे अवतार का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। इस घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर फैंस के बीच फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

सामने आए पोस्टर में रश्मिका हाथ में भाला लिए नजर आ रही हैं, उन्हें खून से लथपथ पावरफुल अंदाज में आप देख सकते हैं।

### खतरनाक स्टंट और धांसू एक्शन से भरपूर होगी फिल्म..

फिल्म 'मैसा' को एक हाई-ऑक्टेन और इमोशनल एक्शन थ्रिलर के रूप में तैयार किया जा रहा है। कहानी की पृष्ठभूमि आदिवासी इलाकों और उनकी सांस्कृतिक जड़ों पर आधारित है। मेकर्स के अनुसार, यह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं होगी, बल्कि इसमें एक बेहद मजबूत और दिल को छू लेने वाली कहानी भी होगी।

फिल्म का विजुअल प्रेजेंटेशन और सिनेमाटोग्राफी दर्शकों को एक अलग ही दुनिया में ले जाने का वादा करती है। रश्मिका इस पूरी कहानी के केंद्र में होंगी और अपने दमदार एक्शन स्टंट से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं।

### जून में सामने आई थी रश्मिका के पहले लुक की पहली झलक..

इससे पहले जून 2026 में जब फिल्म 'मैसा' का पहला लुक जारी किया गया था तो उसने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया था। उस पोस्टर में रश्मिका मंदाना चेहरे पर खून के धब्बे, खुले बिखरे बाल और हाथ में तलवार थामे हुए बेहद उग्र अंदाज में नजर आई थीं। रश्मिका ने खुद भी इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा था कि वह हमेशा दर्शकों को कुछ नया और रोमांचक देने की कोशिश करती हैं। उन्होंने इस किरदार को अब तक का सबसे कठिन और अलग अनुभव बताया था।

### रविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी 'मैसा'..

अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन रविंद्र पुल्ले कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की दुनिया और इसके किरदारों को बहुत ही यथार्थवादी और गहन तरीके से गढ़ा है। अगर वर्कफ्रंट की बात करें, तो रश्मिका मंदाना को हाल ही में 'कॉकटेल 2' में देखा गया था, जिसमें उनके साथ कृति सेनन और शाहिद कपूर भी नजर आए थे। 'मैसा' के अलावा रश्मिका के पास 'रणबाली' जैसा बड़ा प्रोजेक्ट भी है, जिसमें वह अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ नजर आने वाली हैं। फिलहाल फैंस को 27 नवंबर का बेसब्री से इंतजार है, जब रश्मिका बड़े पर्दे पर अपना यह नया अवतार पेश करेंगी।

## पाकिस्तान टेस्ट टीम में भूचाल के बाद मिस्बाह-उल-हक का सिलेक्टर पद से इस्तीफा..

**डेस्क जगप्रेरणा।**



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद मचे बवाल के बीच अब पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक ने नेशनल सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। टेस्ट टीम में बड़े बदलाव किए जाने के एक दिन बाद मिस्बाह का यह फैसला सामने आया है।

हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया है या नहीं। मिस्बाह ने सिलेक्शन कमेटी के पद के साथ-साथ लाहौर स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी सलाहकार की जिम्मेदारी छोड़ने का भी फैसला किया है। वह **PCB** के साथ 180 दिन सालाना वाले अनुबंध पर बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में जुड़े हुए थे। दरअसल, पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में लगातार दो हार झेलनी पड़ी है।

लॉर्ड्स टेस्ट में पाकिस्तान को 194 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद टीम सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई। खराब प्रदर्शन के बाद PCB ने तीसरे टेस्ट से पहले टीम और कोचिंग स्टाफमें बड़े बदलाव कर दिए। Cricinfo की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

### टीम से 7 खिलाड़ी रिलीज..


बोर्ड ने टेस्ट टीम से सात खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। इनमें मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, अवैस जफर और खुर्रम शहजाद शामिल हैं। उनकी जगह पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों आराफात मिन्हास, मोहम्मद इमरान जूनियर, साद बेग, मोहम्मद इमरान रंधावा और रजाउल्लाह को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा सैम अयूब और अब्दुल्ला फजल भी टेस्ट स्क्वाड से जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। हेड कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को तीसरे टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया है। अब व्हाइट-बॉल टीम के मुख्य कोच माइक हेसन और गेंदबाजी कोच एश्ले नॉफके टेस्ट टीम के कोचिंग सेट-अप का हिस्सा होंगे। तीसरा टेस्ट 9 सितंबर से एजबेस्टन में खेला जाएगा।

### PCB में निभा चुके हैं कई भूमिका..

मिस्बाह पाकिस्तान क्रिकेट के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में शामिल रहे हैं। 2017 में संन्यास लेने के बाद उन्होंने PCB में कई अहम भूमिकाएं निभाईं। 2019 में उन्हें एक साथ हेड कोच और मुख्य सिलेक्टर बनाया गया था। बाद में उन्होंने सिलेक्टर्स का पद छोड़कर कोचिंग पर ध्यान दिया, लेकिन 2021 में हेड कोच की भूमिका से भी हट गए। इस साल मार्च में मिस्बाह को आकिब जावेद, सरफराज अहमद और असद शफीक के साथ चार सदस्यीय सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया गया था। अब उनके इस्तीफे ने पाकिस्तान क्रिकेट में चल रहे बदलावों और अंदरूनी हलचल को और तेज कर दिया है।

## एशियाई खेल 2026: साइ बेंगलुरु में भारतीय एथलीट 'स्मार्ट ट्रैक' पर कर रहे अभ्यास..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**



एशियाई खेलों के करीब आने के साथ स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले, लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी समेत आठ भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में विशेष 'स्मार्ट ट्रैक' पर अपनी तैयारियों को धार दे रहे हैं।

आठ खिलाड़ियों के साथ यह शिविर आठ सितंबर तक चलेगा। इस शिविर को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत मंजूरी दी गई है। शिविर में 800 मीटर धावक कृष्ण कुमार, डेकाथलॉन एथलीट तौफीक एन, ऊंची कूद के एथलीट आदर्श राम और सुप्रिया बी तथा पैदल चाल खिलाड़ी मंजू रानी और प्रियंका भी शामिल हैं। एशियाई खेलों का आयोजन जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होगा। स्मार्ट ट्रैक की मदद से कोच प्रशिक्षण के दौरान एथलीट के प्रदर्शन से जुड़े आंकड़े उसी समय में हासिल कर सकते हैं। साइ एनसीओई बेंगलुरु में एथलेटिक्स कोच सुरेश कुमार ने कहा, 'भारत में यह अपनी तरह का पहला ट्रैक है।'

उन्होंने 'साइ मीडिया' से कहा, ÷जब एथलीट दौड़ता है तो हमें उसी समय उसकी गति से जुड़े आंकड़े मिलते हैं। जहां-जहां 'गेट' लगाए गए हैं, वहां के 'स्प्लिट टाइमिंग' के साथ-साथ कुल समय, 'स्ट्राइड' की लंबाई का भी पता चलता है। ये सभी आंकड़े 'रियल टाइम' में दर्ज किए जाते हैं। इससे एथलीटों के प्रशिक्षण में काफी मदद मिलती है।'

स्मार्ट ट्रैक को 2024 में स्थापित किया गया था और तब से इसका इस्तेमाल केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले शीर्ष स्तर के एथलीट कर रहे हैं। इसके 'टाइमिंग गेट' सीधे ट्रैक के साथ-साथ घुमावदार हिस्से में भी लगाए गए हैं, जिससे कोच दौड़ के विभिन्न चरणों का विश्लेषण कर सकते हैं। इसके साथ उपलब्ध ऐप की मदद से इस आंकड़े को तुरंत हासिल कर बाद में उसका विश्लेषण भी किया जा सकता है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## भारत की अर्थव्यवस्था : 'मृत' नहीं, बल्कि जीवंत है

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर पिछले वर्ष 'मृत अर्थव्यवस्था' का दावा खूब सुर्खियों में रहा था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई 2025 को भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को 'मृत' कहा था। इसके अगले ही दिन 31 जुलाई को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस टिप्पणी का संदर्भ देते हुए कहा था कि ÷भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है।÷

लेकिन अब सवाल यह है कि क्या एक वर्ष बाद उपलब्ध आर्थिक आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं? जवाब है-नहीं।

31 अगस्त 2026 को जारी नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह न केवल पिछले वर्ष की समान तिमाही के 6.9 प्रतिशत से अधिक है, बल्कि अर्थशास्त्रियों के 7.1 प्रतिशत और भारतीय रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी बेहतर है।

जीडीपी की कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। पिछली तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) की जीडीपी वृद्धि को संशोधित करके 8.6 प्रतिशत किया गया है। इसका अर्थ है कि लगातार दो तिमाहियों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 8 प्रतिशत के आसपास की मजबूत वृद्धि दिखाई है। विनिर्माण क्षेत्र ने पहली तिमाही में लगभग 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि वित्तीय, अचल संपत्ति, सूचना प्रौद्योगिकी और पेशेवर सेवाओं में भी मजबूत विस्तार हुआ।

यह प्रदर्शन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। विश्व में चल रहे दो बड़े क्षेत्रीय संघर्षों, पश्चिम एशिया में तनाव, ऊर्जा की कीमतों में अनिश्चितता, व्यापारिक टकराव और अमेरिकी सीमा शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने घरेलू खपत, निवेश, विनिर्माण और निर्यात के सहारे अपनी गति बनाए रखी है। अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार कई अर्थशास्त्रियों ने इन आंकड़ों के बाद पूरे वित्त वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान भी बढ़ाए हैं।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप स्वयं जुलाई 2026 में अपना रुख बदलते दिखाई दिए। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि भारत ÷बहुत अच्छा कर रहा है÷ और उसकी वृद्धि 7-8 प्रतिशत के आसपास है। यानी जिस अर्थव्यवस्था को एक वर्ष पहले उन्होंने 'मृत' कहा था, उसी की तेज आर्थिक वृद्धि का अब वे उल्लेख कर रहे हैं।

इसका अर्थ यह नहीं कि भारत की आर्थिक समस्याएं समाप्त हो गई हैं। पर्याप्त रोजगार सृजन, ग्रामीण आय, असंगठित क्षेत्र, प्रति व्यक्ति आय और वैश्विक व्यापारिक जोखिम जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। जीडीपी वृद्धि को आम नागरिक की आय और रोजगार में बदलना अगली बड़ी चुनौती है।

फिर भी वर्तमान आंकड़ों के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मृत' कहना आर्थिक वास्तविकता के विपरीत दिखाई देता है। ऐसा कहने वालों को ध्यान में रखना होगा कि मृत अर्थव्यवस्थाएं 7.8 प्रतिशत की दर से नहीं बढ़ा करतीं और न ही वे निवेश, उत्पादन, खपत और सेवाओं का विस्तार करती हैं।

निश्चित रूप से गर्व के साथ कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जीवंत है। अब चुनौती यह है कि उसकी यह जीवंतता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यही जीडीपी की अगली परीक्षा होगी।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## धरा अस्तित्व का आधार..

भार जीवन का, मृत्यु का ढोती है,
भरती है पेट, और गोदी में पालती है
न जाने कितने नयनों की ज्योति समेटे,
न जाने कितने सीपों में मोती सहेजे,
अनगिनत भावों को आँचल में भरकर,
रंगों से सजती है, द्वंद्वों में उलझती है।
निर्माण के स्वप्न को साकार करने,
करती है विनाश की अठखेलियाँ,
बिखरे हुए जीवन को फिर से सँवारने,
सहती है समय की अनगिनत ठोकरें।
सुख पाकर जो उसे भूल जाते हैं,
दुःख पाकर उसी को कोसते हैं;
कितनी विडंबना है मानव की–
जिसकी छाती पर महल बनाता है,
उसी की छाती को छलनी करता है।
फिर भी मौन खड़ी रहती है,
सहनशीलता की प्रतिमूर्ति बनकर,
हर बार टूटकर जुड़ती है,
हर बार उजड़कर सँवरती है।
मनुष्य के पापों
का बोझ उठाकर,
अपने आँचल में
जीवन सँजोकर,
वेदना में ढलती है
अपने ही घावों पर मरहम भी
मलती है।
रहती है अनवरत,
जीवन को जन्म देने में,
जीवन को सँवारने में,
और मनुष्य को यह याद
दिलाने में
कि धरा केवल भूमि नहीं,
हमारे अस्तित्व की जननी है,
हमारी चेतना का आधार है।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## प्यार की फसल..

बरसात हुई
चलो उगाएं
प्यार की फसल।
बहुत बो चुके
हम आपसी
तकरार की फसल।।
मन के खेतों को
हम करें हरा भरा।
सुंदर मनमोहक हो
तन की वसुंधरा।
एक दूजे पर हो
सर्वाधिकार की फसल।
बहुत बो चुके
हम आपसी
तकरार की फसल।।
चलो अपने अंतस का
कचरा बुहारें।
अपना सुधार करें
औरों को सुधारें।
लहलहाए खुशियाँ
हो बहार की फसल।
बहुत बो चुके
हम आपसी
तकरार की फसल।।
सींचे नन्हें पौधों को
दे संस्कारों का जल।
ताकि हो सुनहरा
उनका आनेवाला कल।
हो सोच सबकी एक
परोपकार की फसल।
बहुत बो चुके
हम आपसी
तकरार की फसल।।

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)

## दशा महा दशा


समस्या ग्रस्त!
बाढ़ ग्रस्त!
सबसे बढ़ा ग्रस्त!
जी रहा मानव!
कोई पीस रहा!
कोई फायदा उठा रहा!
चापलूसों की मायाजाल!
कोई दस्तावेज समेट रहा!
कोई आवाज उठा रहा!
बन्द कमरे में नोट गिन रहा!
यहाँ आनलाइन करने में डर
रहा!
पकड़ा न जाए!
आखिरकार खेल तो हो रहा!
किस-किस को बचाओंगें!
सब तो अपने ही!
कर्णधार, कर्णप्रिय है!
आवाज उठाते रहिए!
बस समाचार पत्र छाईए!
गुणगान करते रहिए!
बस समय पास करते जाईए?

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 260



Åij l; ulp; !& 1) अन्यत्र 2) योग्य 3) मजबूत, बलवान 4) आवश्यकता, जरुरत 5) अनादरयुक्त 6) दोस्त 7) तन्मय 9) जोड़ना 10) रहित, सिवा 11) खालीपन 12) एक अनाज जिसकी रोटियां बनायी जाती है 13) उदर 20) हवाई जहाज 23) वफादार 24) अपनत्व 25) मछुआरा, मल्लाह 26) पुरस्कार 27) वह राक्षस जिसने सीता को लुभाने के लिये स्वर्णमृग का रुप धारण किया 29) पहर 31) दयालु 32) अधिक धनवान 33) श्रीविष्णुजी एक नाम 34) एक किस्म की लाल दाल 35) भाव 37) चिन्तन 38) जमानत देनेवाला 40) एक राशी 42) बराबरी 45) बहुत बड़ा 47) केरल के इस शहर में वास्को दी गामा का आगमन सबसे पहले हुआ था 49) पशु 51) वफादारी 53) किसी पेय पदार्थ का पान कराना 54) स्तब्ध, हक्काबक्का 55) फंदा 57) बिमारी 60) मुंह में पानी आना 61) नई दिल्ली का एक प्रसिद्ध व्यावसायिक इलाका 62) प्रकृति 64) शरीर पर उगनेवाला मांस का छोटा दाना 65) वमन, उलटी 67) कुकर्मी 69) बराबर 70) उन्नती 71) कण का अपभ्रंश रुप 74) मिन्नतें करना अर्थवाला एक मुहावरा 76) बड़ा 77) विभूति 78) सागभाजी 79) कागज व लकड़ी को खानेवाला एक छोटा जीव 81) चमकना, झलक दिखाई देना 81अ) नगर का, नगर संबंधी83) शरम 85) प्रदर्शनी 86) किसी कार्य को करा सकने का अधिकार 87) कम से कम का बोलचाल में प्रयुक्त रुप 89) नीले रंग का एक रत्न 92) अंतड़ी 93) गाय बकरियां चरानेवाला 95) गायब, जिसका कोई पता न लगे 96) मुसलमानों की प्रार्थना 98) पातकी 99) निस्सन्देह 100) तैयार हुआ, तैयार कर 103) दुर्ग 104) वह स्थान जहां बड़े पैमाने पर कपड़े आदि तैयार किये जाते है (अं.) 106) अलग 107) शक्कर

ck;s ls nk;s !& 1) अनुमति 4) वास्तव में 8) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 14) निश्चित 15) देशद्रोही 16) एक चर्मवाद्य 17) गीत 18) मुकूट 19) रियासत 21) कलंक 22) शीशा 24) गुनाहगार 27) पीट 28) नया 29) बिताना 30) अन्यथा 32) एक फिल्मी हिन्दी साप्ताहिक 33) घमंड़ 34) कामदेव 36) निषेध 37) घाव पर लगाया जानेवाला औषधीयुक्त लेप 38) द्वेष, ईर्ष्या 39) ब्रह्मा 41) हिन्दी के प्रसिद्ध अंध संत कवी 43) वायु 44) नर का विरुद्धार्थी शब्द 46) योग्य 47) मोटर गाड़ी (अं.) 48) मुसलमानोंद्वारा रोजा रखने का महीना 50) भारत की राजधानी 52) निर्दयी 55) जालीयुक्त 56) संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार 58) सामान, सम्पत्ती 59) दिल्ली स्थित एक प्रसिद्ध किला 61) पानी के बहने का मधुर शब्द या ध्वनि 63) वनप्रयाण 66) दबाना 68) किसी चीज को पाने या खाने की उत्कट इच्छा होना 70) सूर्य 72) सरल हृदयवाला 73) दांत 75) खुली घोड़ागाड़ी 77) भगवान का संबोधनवाची रुप 78) पाणिग्रहण 80) मुग्ध होना 82) क्रियाकलाप 84) हमदर्दी 86) वह सफेद पत्थर जिसे लोहे पर रगड़ने से आग की चिंगारीयां निकलती है 88) तक, स्पर्श कर, पास 89) पानी 90) धोबी 91) पराजय 92) धोती या साड़ी का छोर 94) कमल के फुलों का समूह 96) पहाड़ 97) असफल 99) अस्तव्यस्त, क्रमविरुद्ध 101) ख्वाब 102) भुसावल और मुंबई के बीच मध्य रेल्वे का एक प्रमुख जंक्शन 103) एक मेवा 105) कोमलता, सुकुमारता 108) श्रीविष्णुजी एक नाम 109) बड़ा पत्थर 110) लकड़ियां काटकर उन्हे बेचने का व्यवसाय करनेवाला 111) मूल्य 112) धनवान

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# चालू खाते का घाटा पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब डॉलर पर: आरबीआई आंकड़ा..



मुंबई, (भाषा)।

***देश का चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद का 0.5 प्रतिशत रहा। पश्चिम एशिया संकट के बीच वस्तु व्यापार घाटा तेजी से बढ़ने से चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ा है।***

भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले इसी तिमाही में चालू खाते का घाटा 3.4 अरब डॉलर यानी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 0.4 प्रतिशत था। चालू खाते का घाटा तब होता है जब कोई देश विदेशी वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और हस्तांतरण के लिए विदेशों में बाकी दुनिया से प्राप्त होने वाली राशि से अधिक पैसा भेजता है।

आरबीआई के भुगतान संतुलन के आंकड़ों के अनुसार, देश का वस्तु व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में 86.1 अरब डॉलर रहा, जो बीते वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 68.9 अरब डॉलर था।

केंद्रीय बैंक ने कहा, ''भारत का चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 4.2 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में यह 3.4 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.4 प्रतिशत) था। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 51.6 अरब डॉलर हो गई, जो एक साल पहले 47.9 अरब डॉलर थीं।

आरबीआई ने कहा, ''कंप्यूटर सेवाओं, अन्य कारोबारी सेवाओं और परिवहन सेवाओं सहित प्रमुख श्रेणियों में सेवा निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि हुई।''

प्राथमिक आय खाते में शुद्ध भुगतान वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर रह गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 13.3 अरब डॉलर था। इसमें मुख्य रूप से निवेश आय का भुगतान शामिल है।

आंकड़ों के अनुसार, द्वितीयक आय खाते में विदेशों में काम कर रहे भारतीयों की ओर से भेजी गई राशि समेत व्यक्तिगत अंतरण प्राप्तियां भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर 42.9 अरब डॉलर हो गईं। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 33.2 अरब डॉलर थीं।

इस बीच, अप्रैल-जून तिमाही में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का शुद्ध प्रवाह 6.1 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.2 अरब डॉलर था।

दूसरी ओर, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से 9.6 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी हुई, जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में 1.6 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश आया था।

आंकड़ों के अनुसार, प्रवासी जमा से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 2.8 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 3.6 अरब डॉलर था। भारत में बाह्य वाणिज्यिक उधारी के तहत भी पहली तिमाही में शुद्ध प्रवाह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में कम रहा।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विदेशी मुद्रा भंडार में 8.1 अरब डॉलर (भुगतान संतुलन के आधार पर) की कमी आई, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में इसमें 4.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। भुगतान संतुलन किसी निश्चित अवधि में किसी देश और दुनिया के बाकी देशों के बीच होने वाले सभी आर्थिक लेन-देन का लेखा-जोखा होता है।

# मप्र मंत्रिमंडल ने बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने को 41,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी..

भोपाल, (भाषा)।

***मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक के महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों और***

जनकल्याणकारी निर्णयों को स्वीकृति प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रिमंडल ने विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के लिए के 29,619 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

एक अधिकारी ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में अनुमानित लागत रुपये 3,183 करोड़ रूपये तथा 2026-27 से 2030-31 तक योजना की निरंतरता के लिए कुल अनुमानित लागत 26,436 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य का हिस्सा 60:40 के अनुपात में होगा, जिसमें राज्यांश 10 हजार 574 करोड़ रुपये होगा। इन पांच वर्षों में प्रशासनिक व्यय के लिए 946 करोड़ रुपये का व्यय होगा, जो राज्य शासन वहन करेगा।

अधिकारी ने बताया कि निर्णय अनुसार, नई योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्त वर्ष में अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के श्रमजन्य रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजगार के दिनों में की गई यह वृद्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

अधिकारी ने बताया कि नई योजना का मुख्य आधार 'विकसित भारत ञ्च2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण बुनियादी ढांचे को तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक ग्राम पंचायत जी आई एस आधारित तकनीक, 'पीएम गति शक्ति' लेयर्स और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके 'विकसित ग्राम पंचायत योजना' तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से 'विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक' में समेकित किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य में प्राप्त होने वाले वित्तीय आवंटन को पारदर्शी और आवश्यकता-आधारित बनाने के लिए ग्राम पंचायतों को विकास मानदंडों के आधार पर क, ख, ग श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि योजना में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, डिजिटल मस्टर रोल और प्रत्येक छह माह में सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया गया है। साथ ही त्वरित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक जिले में एक 'लोकपाल' की नियुक्ति की जाएगी, जो डिजिटल मंच के माध्यम से शिकायतों का निराकरण करेंगे।

अधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने अंतरिम व्यवस्था के तहत नई परिषद के पूर्ण गठन/पंजीकरण तक वर्तमान 'मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद' को ही इस नई योजना के समस्त दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया है। मंत्रिमंडल ने दुग्ध उत्पादकों के हित में सहकारी प्रणाली और सांची ब्रांड के उन्नयन के लिए 2,973 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी।

अधिकारी ने बताया कि डेयरी विकास योजना के माध्यम से आगामी पांच वर्ष में सहकारी दुग्ध समितियों का विस्तार 7,331 ग्रामों से बढ़ाकर 26,000 ग्रामों तक किया जाएगा।

प्रदेश में सड़क संपर्क को मजबूत करने के लिए मंत्रिमंडल ने पश्चिम भोपाल बाइपास 4-लेन निर्माण के लिए 3,774 करोड़ रुपये और मेहलुआ-बीना-खिमलासा-मालथोन मार्ग के लिए तीन हजार 272 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय संतुलन और गुणवत्ता विस्तार की दिशा में मंत्रिमंडल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का पुनर्गठन कर भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तीन नए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है।

इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडल ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा उपकरणों और विभागीय परिसंपत्तियों के लिए 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की। बैठक में किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए पंजीकृत कृषकों से ग्रीष्मकालीन मूंग की उपज की उपार्जन सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने के निर्णय लिया गया गया। मंत्रिमंडल में साथ ही नवगठित जिलों मैहर, मऊगंज, पांढुर्णा और निवाड़ी में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सामाजिक न्याय और आयुष विभागों में नए पदों के सृजन को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

# वाणिज्य मंत्रालय ने भारत - अमेरिका व्यापार पर उद्योग जगत के साथ चर्चा की



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य मंत्रालय ने उद्योग और निर्यातकों से अमेरिकी बाजार तक पहुंच से जुड़ी चिंताओं की जानकारी साझा करने को कहा है, ताकि इन मुद्दों को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाया जा सके। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

अधिकारी ने बताया कि कुछ निर्यातकों ने बैठक के दौरान शुल्क संबंधी अनिश्चितता कम करने के लिए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन ने की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की सितंबर के अंत में प्रस्तावित अमेरिका यात्रा को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण है। गोयल मिलवॉकी में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। यह दो-दिवसीय बैठक 30 सितंबर से शुरू होगी।

इसके अलावा, गोयल के अगले महीने शिकॉगो में एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की भी संभावना है। एक निर्यातक ने कहा कि अमेरिका से ऑर्डर मिल रहे हैं, लेकिन उनकी मात्रा में गिरावट आई है। शुल्क को लेकर अनिश्चितता के कारण अमेरिकी खरीदार बड़े या दीर्घकालिक ऑर्डर देने से बच रहे हैं और आयात के लिए अपने स्रोतों में विविधता ला रहे हैं।

उद्योग जगत ने क्वाट्र्ज से बनी कृत्रिम पत्थर की सतहों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सुरक्षा उपायों को लेकर भी चिंता जताई और वाणिज्य मंत्रालय से यह मुद्दा अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

बैठक में दवा, इंजीनियरिंग, कपड़ा, कृषि, रसायन, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, वाहन एवं वाहन कलपुर्जे, हस्तशिल्प और प्लास्टिक समेत विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।


उद्योग मंडल सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए।

भारत और अमेरिका लंबे समय से द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं। दोनों देशों ने फरवरी में समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी, लेकिन अमेरिका की शुल्क नीति में बदलाव के कारण बातचीत अब भी जारी है।

भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिका को 87.31 अरब डॉलर का निर्यात किया, जो एक साल पहले के 86.51 अरब डॉलर से थोड़ा अधिक है। इस दौरान आयात 17.16 प्रतिशत बढ़कर 53.45 अरब डॉलर हो गया।

चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में अमेरिका को भारत का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 22.42 प्रतिशत बढ़कर 22.12 अरब डॉलर हो गया।

# बढ़ती तेल कीमतों के दबाव में घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद



मुंबई, (भाषा)।

***कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से मंगलवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक,***

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को लंबे समय तक सख्त बनाए रखने की आशंका बढ़ने से भी दुनिया के उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हो रही है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.99 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 301.15 अंक गिरकर 76,656.12 अंक तक आ गया था।

अपराह्न 3.12 बजे सेंसेक्स 271.79 अंक गिरकर 76,685.48 अंक पर कारोबार कर रहा था, लेकिन समापन नीलामी सत्र (सीएएस) के दौरान इसने अधिकांश नुकसान की भरपाई कर ली।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 24.60 अंक गिरकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक वायदा अनुबंधों की समाप्ति के दिन निफ्टी एक समय करीब 100 अंक गिरकर 23,980.55 अंक तक आ गया था।

सेंसेक्स की कंपनियों में से मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

दूसरी तरफ आईटीसी, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे।

इस बीच, पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने के चलते वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.03 प्रतिशत बढ़कर 92.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार भारत की मजबूत वृद्धि की रफ्तार और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच संतुलन बना रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और फेडरल रिजर्व के अपेक्षाकृत सख्त रुख से महंगाई तथा लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका बढ़ी है।''

भारतीय अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। शोध विश्लेषक फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ''निवेशक धारणा प्रभावित होने से भारतीय शेयर बाजार कमजोरी के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से घरेलू बाजार में बैंकों, रियल्टी, वाहन, स्वास्थ्य देखभाल और टिकाऊ उपभोक्ता खंड के शेयरों में बिकवाली का रुख देखा गया।''

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.60 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत नीचे आया।

क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 1.41 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 1.25 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 1.06 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.95 प्रतिशत और पीएसयू बैंक खंड में 0.86 प्रतिशत की गिरावट रही।

वहीं, आईटी खंड में 1.24 प्रतिशत, फोकस आईटी खंड में 1.16 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 0.94 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार दोपहर के समय गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में बंद हुए थे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 7,985.88 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सोमवार को सेंसेक्स 307.24 अंक गिरकर 76,957.27 अंक और निफ्टी 95.25 अंक घटकर 24,080.40 अंक पर बंद हुआ था।

# देश में अगले 10 साल के भीतर 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे: राम मोहन नायडू



अहमदाबाद, (भाषा)।

***नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़े देश का आम नागरिक' उड़ान के तहत अगले 10 साल में देश में 30,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे।***

नायडू ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से भारत की तीसरी 'हब एंड स्पोक' सेवा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे।

यह भारत की तीसरी 'हब एंड स्पोक' सेवा है, जिसका मकसद देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले यात्रियों को भारतीय हवाई अड्डों को केंद्र बनाकर अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से निर्बाध रूप से जोड़ना है।


नागर विमानन मंत्री ने कहा, ''2014 में भारत में 74 हवाई अड्डे थे, जबकि आज देश के हवाई नक्शे पर 166 हवाई अड्डे हैं। हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 166 होना देश के लिए एक रिकॉर्ड है। पिछले 12 वर्षों में हर करीब 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे या नए टर्मिनल का काम पूरा किया गया है।''

उन्होंने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय की पिछले 12 वर्षों की यात्रा अभी शुरुआत भर है। पिछले एक दशक में 'उड़ान' योजना के जरिये हवाई यात्रा क्षेत्र में आए बदलावों को आगे बढ़ाते हुए अगले 10 वर्षों में करीब 30,000 करोड़ रुपये खर्च कर 100 नए हवाई अड्डे बनाने की योजना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल मार्च में क्षेत्रीय संपर्क योजना के संशोधित प्रारूप को मंजूरी दी थी। इसे वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक 10 वर्षों के लिए लागू किया जाएगा। इसके लिए केंद्र की बजटीय सहायता के साथ कुल 28,840 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

क्लासिफाईड विज्ञापन
सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

# एएलपीए इंडिया ने एयर इंडिया समूह में अनुभवी पायलटों के जाने पर जताई चिंता



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पायलट संगठन एएलपीए इंडिया ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस से अनुभवी पायलटों के जाने पर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि अनुभवी पायलट केवल कर्मचारियों की संख्या नहीं हैं, बल्कि उनके पास संचालन संबंधी अनुभव और संस्थागत ज्ञान होता है।***

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) ने टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा को 31 अगस्त को भेजे पत्र में एयर इंडिया समूह में पायलट के नौकरी छोड़ने, वेतन एवं लाभ, रोस्टर व्यवस्था, थकान संबंधी आंकड़ों और अर्जित अवकाश समेत विभिन्न पहलुओं की स्वतंत्र समीक्षा कराने का सुझाव दिया। संगठन ने कहा कि वेतन उम्मीदों के अनुरूप नहीं बढ़ने, लाभ में कमी तथा कामकाजी परिस्थितियों एवं जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के कारण अनुभवी कमांडर और वरिष्ठ पायलट संगठन छोड़ रहे हैं। एयर इंडिया समूह की एयरलाइंस में 5,000 से अधिक पायलट कार्यरत हैं। एएलपीए इंडिया ने पायलटों को एयरबस और बोइंग विमानों के बीच स्थानांतरित किए जाने की रफ्तार पर भी चिंता जताई। उसने कहा कि ऐसे बदलाव के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और अनुभव हासिल करने का समय जरूरी है। संगठन ने इस साल की तीन घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे समूह की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था और कर्मचारियों से जुड़ी नीतियों की गहन समीक्षा की जरूरत सामने आती है। हालांकि, उसने कहा कि वह औपचारिक जांच के नतीजे आने से पहले इन घटनाओं के लिए पायलट को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा है। एएलपीए इंडिया ने कहा कि सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को किसी घटना के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय संभावित जोखिमों की पहले पहचान करने और उन्हें रोकने में सक्षम होना चाहिए।

सुश्रुत वात क्लिनिक
डॉ. आकाश अनिल शेंडे
बी.ए.एम.एस. (नाशिक)
वात रोग तज्ञ
जनरल फिजिशियन
Regi L - 114791-A
कमर दर्द, सायटिका, आमवात, अस्थीवात, गठियावात, लकवा, नसों का दर्द (मोंदरा) एवं कमर गैप आदि वात रोगों का उपचार..
पता - भिलाई रोड, भारती लॉन के सामने, लांजी मो. 8637707202





जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# लोक परंपरा व संतान की लंबी आयु के लिए महिलाएं रखेगी हरछट व्रत..

जगप्रेरणा लांजी।

***संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और मंगलकामना के लिए माताएं भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर हलषष्ठी (हरछठ) का व्रत रखेंगी। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्मोत्सव से जुड़ा***



यह पर्व क्षेत्र में श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। पर्व को लेकर लांजी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजारों में हलषष्ठी पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं।

## संतान की लंबी उम्र के लिए माताएं रखेंगी हलषष्ठी व्रत..

हलषष्ठी के दिन महिलाएं प्रातः स्नान आदि के बाद व्रत रखकर हरछठ माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। प्राचीन परंपरा के अनुसार महिलाएं पूजन सामग्री एकत्रित कर सामूहिक रूप से पूजन करती हैं तथा हलषष्ठी माता की कथा का श्रवण-वाचन कर संतान के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं।

लांजी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों में जहां पूजन की तैयारियां चल रही हैं, वहीं महिलाएं बाजार पहुंचकर आवश्यक पूजन सामग्री की खरीदारी कर रही हैं।

## परसोड़ के चावल और टुकनी की बढ़ी मांग..

हलषष्ठी पर्व को लेकर लांजी के बाजार में पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। पर्व में उपयोग होने वाली पारंपरिक सामग्री के साथ विशेष रूप से परसोड़ के चावल, छोटी टुकनियां, पूजन सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामान बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। महिलाएं अपनी जरूरत के अनुसार सामग्री की खरीदारी कर रही हैं।

## परंपरा और आस्था का पर्व है हलषष्ठी..

हलषष्ठी केवल व्रत और पूजा का पर्व ही नहीं, बल्कि मातृत्व की श्रद्धा और संतान के प्रति ममता का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन महिलाएं कठिन व्रत रखकर अपनी संतान की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना करती हैं। सामूहिक पूजन और कथा श्रवण के माध्यम से वर्षों पुरानी लोक परंपरा आज भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत बनी हुई है।

# सद्भावनापूर्ण समाज के संकल्प के साथ 5 को 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

जगप्रेरणा लांजी।

***नशा-मांसाहार मुक्त, चरित्रवान एवं सद्भावनापूर्ण समाज के निर्माण के संकल्प के साथ लांजी में पहली बार 24 घंटे का विशाल श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ आयोजित होने जा रहा है।***





धर्मसम्राट युगचेतना पुरुष सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की प्रेरणा से भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रमधाम के संयुक्त तत्वावधान में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा बालाघाट द्वारा यह आयोजन किया जाएगा।

## 5 सितंबर दोपहर 2 बजे से होगा शुभारंभ..

आयोजन समिति के अनुसार 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ 5 सितंबर 2026, शनिवार को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा, जिसका समापन 6 सितंबर 2026, रविवार को दोपहर 2 बजे होगा। आयोजन का स्थल भारती मैरिज लॉन, भिलाई रोड, सिंघाड़ा तालाब के पास, लांजी निर्धारित किया गया है। अखंड पाठ के दौरान श्रद्धालु निरंतर मां दुर्गा की आराधना एवं श्री दुर्गा चालीसा पाठ में सहभागी बनेंगे।

## समापन अवसर पर सौरभ द्विवेदी 'अनूप भैया' की विशेष उपस्थिति

आयोजन का प्रमुख आकर्षण समापन अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव एवं सिद्धाश्रम रत्न श्री सौरभ द्विवेदी जी (अनूप भैया) की विशेष उपस्थिति रहेगी। उनके मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में अखंड पाठ का समापन किया जाएगा। आयोजन को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

## नशामुक्ति का संदेश देगी विशाल जनजागरण रैली..

धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से 6 सितंबर, रविवार को सुबह 10 बजे लांजी नगर में विशाल नशामुक्ति जनजागरण रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से समाज को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने, युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा परिवार एवं समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का उद्देश्य धार्मिक चेतना के साथ-साथ समाज में सदाचार, संस्कार, आपसी सद्भाव और नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संगठन ने क्षेत्रवासियों से इस पुण्यमय एवं जनजागरण से जुड़े आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# लिबर्टी कोचिंग की सफलता: लांजी क्षेत्र के 3 विद्यार्थियों का शिक्षक पद पर चयन..

जगप्रेरणा लांजी।

***कर्मचारी चयन मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा***



सुखचरण



डॉली



ममता

सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) के तहत प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। इसमें लांजी के लिबर्टी कोचिंग सेंटर से मार्गदर्शन प्राप्त तीन अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। नियुक्ति आदेश के अनुसार डॉली घरते पिता स्व. रणजीत घरते ग्राम बोरीकला पोस्ट मोहझरी का चयन जिला जबलपुर के विकासखंड कुण्डम स्थित शासकीय माध्यमिक शाला शहादरा में प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुआ है। वहीं ममता घोरमारे पति भागीरथ प्रसाद घोरमारे, ग्राम सोगलपुर, पोस्ट बिसोनी का चयन जिला मैहर के विकासखंड रामनगर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला देवरी कलां में तथा सुखचरण वाकड़े पिता राधेश्याम वाकड़े ग्राम निमटोला लांजी का चयन शासकीय माध्यमिक शाला धनवाही में प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुआ है।

## ई-लर्निंग और कैरियर मार्गदर्शन पर जोर..

लांजी क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लिबर्टी कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों को ई-लर्निंग, कैरियर मार्गदर्शन और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के माध्यम से मार्गदर्शन दे रहा है। संस्थान का फोकस ग्रामीण एवं छोटे शहरों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उचित दिशा और शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने पर है।

## 9 साल से प्रतियोगी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन..

लिबर्टी लर्निंग सेंटर पिछले 9 वर्षों से लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहा है। संस्थान से मार्गदर्शन प्राप्त अनेक छात्र-छात्राएं विभिन्न शासकीय सेवाओं में चयनित होकर जिले और प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान से जुड़े विद्यार्थियों की लगातार सफलता ने क्षेत्र के युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर भरोसा बढ़ाया है। तीन अभ्यर्थियों का प्राथमिक शिक्षक के पद पर चयन इसी क्रम की एक और उपलब्धि है।

## संस्थान ने दी शुभकामनाएं..

डॉली घरते, ममता घोरमारे एवं सुखचरण वाकड़े के चयन पर लिबर्टी कोचिंग सेंटर के संस्थापक, शिक्षकगण, परिवारजन, मित्रगण एवं साथी विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

तीनों की सफलता ग्रामीण अंचल के उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से शासकीय सेवा में जाने का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रहे हैं।

# महावीर इंटरनेशनल के मासिक नेत्र जांच शिविर संपन्न, अनेक लोगों को मिलेगी नेत्र रोशनी..

जगप्रेरणा लांजी।

***महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र द्वारा प्रतिमाह महावीर सेवा के द्वारा 26 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक महावीर केंद्र में स्वास्थ शिविर आयोजित किया एवं महावीर स्वास्थ शिविर के द्वारा***







अनेक लोगों की सेवा कार्य किया जा रहा है। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा निःशुल्क नेत्र, स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन लांजी, भानेगांव, कुम्हारिकला, बोलेगांव, घोटी, बहेला, साडरा, कान्द्रिकला, रिसेवाडा, कारंजा, सभी स्थानों पर आयोजित किया गया, साथ ही सेवा कार्य में प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर चयनित हुए लोगों को स्वास्थ मार्गदर्शन लाभ के लिए सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा, समर्पित सेवा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमेन महाकौशल, चेयरमैन लांजी केंद्र विशाल राउत खोंगल ने कहा प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के द्वारा सुविधा स्थानीय लोगों के स्वास्थ सहयोग प्रदान के लिए किया जा रहा है। अब नागरिकों को दूर-दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले। मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा ।

# सेवा परमो धर्म: घायल महिला को बीएमओ ने निजी वाहन से सिविल अस्पताल लाकर किया उपचार..

जगप्रेरणा लांजी।

***कालीमाटी रोड पर घायल अवस्था में बैठी एक बुजुर्ग महिला को देखकर दो डॉक्टरों ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए अपना सफर रोक दिया।***





महिला के सिर से खून बहता देख उन्होंने बिना देर किए उसे अपने निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया, जहां तत्काल प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसेवाड़ा से लांजी की ओर आ रहे डॉक्टर अक्षय कुमार उपराडे एवं डॉक्टर निर्मल दास की नजर ग्राम कालीमाटी की सड़क पर घायल अवस्था में बैठी बुजुर्ग महिला पर पड़ी। महिला के सिर पर चोट लगी थी और खून बह रहा था। स्थिति को देखते हुए दोनों डॉक्टरों ने तत्काल मदद का निर्णय लिया और महिला को अपने निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लेकर पहुंचे।

सिविल अस्पताल में डॉक्टर अक्षय कुमार उपराडे ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान लता चौधरी, उम्र लगभग 65 वर्ष, निवासी कालीमाटी के रूप में हुई है। महिला को देखकर यह भी प्रतीत हो रहा था कि वह मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ हैं। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन सिर में चोट को देखते हुए बेहतर उपचार एवं आवश्यक जांच के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर किया गया।

## समय पर मिली मदद, टली परेशानी..

घायल महिला को सड़क पर ही छोड़ने के बजाय डॉक्टरों द्वारा तत्काल अस्पताल पहुंचाए जाने से उसे समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि मुसीबत में फंसे व्यक्ति की मदद के लिए संवेदनशीलता और तत्परता सबसे महत्वपूर्ण होती है।

डॉक्टर अक्षय कुमार उपराडे एवं डॉक्टर निर्मल दास की इस पहल की स्थानीय स्तर पर प्रशंसा की जा रही है।






# मेहंदी से चांद की पूजा तक, सिंधी समाज की महिलाओं ने निभाई तीजा की परंपरा..

## पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए रखा निर्जला व्रत, फुलेहरा पूजन व तीजड़ी माता की कथा में उमड़ीं महिलाएं..





जगप्रेरणा मंडला।

***सिंधी समाज में तीजा पर्व श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा।***

वहीं कन्याओं ने भी मनचाहे वर की प्राप्ति की कामना से तीजा व्रत किया। पर्व को लेकर समाज की महिलाओं में खासा उत्साह रहा। एक दिन पहले से ही घरों में मेहंदी की रस्म के साथ पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। सोमवार को तीजा पर्व के दिन महिलाओं ने ब्रह्म मुहूर्त में सरगी ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। इसके बाद स्नान कर नए एवं पारंपरिक परिधान धारण किए और सोलह श्रृंगार किया। हाथों में मेहंदी सजाने के बाद चूड़ियां पहनीं और पूजा की थाली लेकर सामाजिक पुरोहित के घर पहुंचीं। यहां महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से तीजा माता का पूजन किया और पति की लंबी आयु तथा परिवार में सुख-शांति की कामना की।

## फुलेहरा पूजन में दिखी परंपरा की झलक..

तीजा पर्व पर महिलाओं ने तीजा माता का फुलेहरा तैयार कर विधिवत झूले में बांधा। इसमें फल, पूजन सामग्री सहित अन्य धार्मिक सामग्री रखी गई। महिलाओं ने पारंपरिक विधि से फुलेहरा पूजन किया और तीजा माता के झूले को झुलाया। इस दौरान पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को तीजा पर्व की शुभकामनाएं दीं। बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को तीजा पर्व से जुड़ी परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी दी। इससे आयोजन में आस्था के साथ सामाजिक और पारिवारिक परंपराओं का रंग भी देखने को मिला।

## तीजड़ी माता की कथा में जुटीं महिलाएं..

शाम को सामाजिक पुरोहित के घर तीजड़ी माता की कथा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुईं। श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण करने के बाद महिलाओं ने तीजड़ी माता की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के दौरान तीजा व्रत से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं का वर्णन किया गया।

## चांद को अर्घ्य देकर किया व्रत का पारण..

दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को चंद्रमा के उदय होने का इंतजार रहा। चंद्रमा के दर्शन होते ही महिलाओं ने विधि-विधान से चंद्रदेव की पूजा की और अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद पति की पूजा कर उनके हाथों से जल ग्रहण किया और व्रत का पारण किया।

## पतियों ने भेंट किए उपहार..

तीजा पर्व को लेकर परिवारों में भी उत्साह का माहौल रहा। पतियों ने अपनी पत्नी को उपहार भेंट कर पर्व की खुशियां बढ़ाईं। घरों में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा और महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। समाज की महिलाओं ने बताया कि तीजा केवल उपवास का पर्व नही।

बल्कि पति-पत्नी के रिश्ते, पारिवारिक सुख-समृद्धि और सामाजिक परंपराओं को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। मेहंदी की रस्म से शुरू हुआ यह पर्व फुलेहरा पूजन, तीजड़ी माता की कथा और चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में सिंधी समाज की समृद्ध परंपरा, महिलाओं की आस्था और उत्साह की सुंदर झलक देखने को मिली।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा
live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन खिलाड़ी मृदुल भिरयानी सम्मानित

### वेस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी व खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयन..



जगप्रेरणा मंडला।

*राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मंडला के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मृदुल भिरयानी को भोपाल स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।*

मृदुल ने वेस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर मंडला जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से खेलप्रेमियों और परिवार में खुशी का माहौल है। मृदुल ने हाल ही में ग्वालियर में आयोजित वेस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी हुआ है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में मृदुल को मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग और प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने के बाद मृदुल ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने के लिए निरंतर मेहनत करने की बात कही। मृदुल की खेल प्रतिभा को निखारने में विश्वविद्यालय समिति के सहयोग और प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विश्वविद्यालय की ओर से मिले मार्गदर्शन और सुविधाओं से उन्हें अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से विकसित करने का अवसर मिला।

मृदुल की उपलब्धि पर मंडला के खेलप्रेमियों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों ने उम्मीद जताई कि वे आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए मंडला और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### अंबेडकर वार्ड निवासी हैं मृदुल..

मृदुल भिरयानी मंडला के अंबेडकर वार्ड निवासी व्यवसायी कन्हैयालाल भिरयानी एवं रश्मि भिरयानी के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार ने खुशी जताते हुए मृदुल के उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की है।

# सड़क हादसे में श्रमिक की दर्दनाक मौत, अज्ञात वाहन की टक्कर से गई जान..



जग प्रेरणा हेमंत नायक मंडला।

*जिले के नेशनल हाईवे-30 पर मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 39 वर्षीय श्रमिक की मौत हो गई। हादसा मोतीनाला थाना क्षेत्र के मंगली गांव के पास हुआ,*

जहां अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मंगली गांव के समीप ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल डायल-112 और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मोतीनाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस जांच में मृतक की पहचान मेहरू सिंह (39 वर्ष), निवासी हर्रा टोला, थाना मोतीनाला के रूप में हुई। उनके पिता का नाम दसरू सिंह बताया गया है। मेहरू सिंह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों में मातम छा गया।मोतीनाला थाना प्रभारी हेमंत बावरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिछिया स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था।


पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है और हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से अज्ञात वाहन की जानकारी जुटाने में लगी है।

# बदलते मौसम में बढ़ा सर्पदंश का खतरा, दो दिन में 5 लोग पहुंचे अस्पताल..

### भरवेली की बच्ची की हालत गंभीर, प्राथमिक उपचार के बाद मंडला जिला अस्पताल रेफर..





जगप्रेरणा नैनपुर।

*बारिश और मौसम में बदलाव के साथ क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। पिछले दो दिनों में सिविल अस्पताल नैनपुर में सांप के काटने के 5 मामले सामने आए हैं।*

इनमें अलग-अलग गांवों के लोग शामिल हैं। एक बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंडला रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को नैनपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अतरिया, सिवनी जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के बेघरवानी तथा पिंडरई चौकी क्षेत्र के भरवेली गांव से सर्पदंश के पीड़ित उपचार के लिए सिविल अस्पताल नैनपुर पहुंचे। इससे एक दिन पहले सोमवार को सगौनिया और इटका गांव से भी सांप के काटने के दो मरीज अस्पताल में भर्ती कराए गए थे।

भरवेली गांव की एक बच्ची को सांप के काटने के बाद अस्पताल लाया गया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया। वहीं अन्य मरीजों का सिविल अस्पताल नैनपुर में उपचार जारी है।

### रात में टॉर्च लेकर निकलें, खेतों में रहें सतर्क..

बदलते मौसम और बारिश के दौरान सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सकों ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। घरों और आसपास झाड़ियों व कचरे की नियमित सफाई रखने, रात के समय बाहर निकलते समय टॉर्च का इस्तेमाल करने और खेतों में काम करते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

चिकित्सकों के अनुसार सांप के काटने की स्थिति में मरीज को घबराने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए, ताकि समय पर उपचार मिल सके।

# टेस्ट किट से दुग्ध उत्पादों की जांच, पनीर का नमूना लैब भेजा

### महाराजपुर में मटरू ढाबे का औचक निरीक्षण, खाद्य सुरक्षा मानकों में कमियां मिलने पर सुधार सूचना पत्र जारी..





जग प्रेरणा हेमंत नायक मंडला।

आमजन को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जांच और जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत टेस्ट किट से मौके पर दुग्ध उत्पादों की प्राथमिक जांच की जा रही है। एसडीएम मंडला के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने महाराजपुर स्थित मटरू ढाबा का औचक निरीक्षण किया। टीम ने यहां उपलब्ध दुग्ध उत्पादों की टेस्ट किट के माध्यम से प्राथमिक जांच की। साथ ही पनीर का नमूना नियमानुसार संकलित कर विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### स्वच्छता में मिली कमियां, सुधार के निर्देश..

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित कुछ कमियां सामने आईं। इस पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। अधिकारियों ने निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

### मिलावट के प्रति जागरूक करना उद्देश्य..

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अनुसार अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के साथ आमजन को जागरूक करना और खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। जिले में जांच, सपोर्ट टेस्टिंग और जन-जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एलआईसी ने मनाया 70 वां स्थापना दिवस, बीमा सप्ताह का शुभारंभ..

### 70 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, ग्राहकों की आर्थिक सुरक्षा पर जोर..



जगप्रेरणा मंडला।

*भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को मंडला शाखा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 1 से 7 सितंबर तक चलने वाले बीमा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।*

कार्यक्रम में एलआईसी के अधिकारी, कर्मचारी, विकास अधिकारी, अभिकर्ता और पॉलिसीधारक शामिल हुए। इस अवसर पर निगम की उपलब्धियों के साथ बीमा जागरूकता और सामाजिक दायित्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ प्रबंधक उमेश शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन और एलआईसी के संस्थापकों व महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर की। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की आर्थिक सुरक्षा में एलआईसी की भूमिका पर विचार रखे।

### करोड़ों परिवारों के विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है एलआईसी..

वरिष्ठ प्रबंधक उमेश शुक्ला ने कहा कि एलआईसी केवल बीमा संस्था नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों के विश्वास और आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। वर्ष 1956 में स्थापना के बाद एलआईसी ने सात दशकों में देशभर में अपनी पहुंच बनाते हुए लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक जीवन बीमा की सुविधा पहुंचाना और विपरीत परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक संबल उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ एलआईसी ने अपनी सेवाओं में आधुनिक तकनीक को शामिल किया है। पारंपरिक बीमा योजनाओं के साथ टर्म इंश्योरेंस, पेंशन, बचत, निवेश आधारित योजनाएं और यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### ऑनलाइन सेवाओं से ग्राहकों को सुविधा..

डिजिटल सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 'माई एलआईसी ऐप', ऑनलाइन प्रीमियम भुगतान, पॉलिसी स्टेटस, ऋण, नामांकन सहित कई सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इससे ग्राहकों को घर बैठे पॉलिसी संबंधी कार्य करने की सुविधा मिल रही है।

### बीमा सप्ताह में होंगे जागरूकता कार्यक्रम..

बीमा सप्ताह के दौरान मंडला शाखा की ओर से बीमा जागरूकता कार्यक्रम, ग्राहक सेवा गतिविधियां, सम्मान समारोह और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों ने नागरिकों से जीवन बीमा के महत्व को समझने और अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

### 70 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्थापना दिवस के अवसर पर एलआईसी की ओर से सामाजिक दायित्व के तहत मां नर्मदा परिक्रमा मार्ग और सुरंग देवरी स्थित शिंदेदश्वर आश्रम परिसर में 70 पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों और अभिकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में एलआईसी परिवार ने ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखते हुए बेहतर सेवाएं देने और निगम की निरंतर प्रगति के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। 70वें स्थापना दिवस और बीमा सप्ताह के शुभारंभ से शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों, अभिकर्ताओं और ग्राहकों में उत्साह का माहौल रहा।

# किसान गर्जना संगठन का कलेक्ट्रेट में हल्ला-बोल, पीएम-सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन..

### भावांतर योजना बहाल करने से लेकर धान का समर्थन मूल्य 3100 और गेहूं का 2700 रुपए करने की मांग, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी..



जगप्रेरणा मंडला।

*किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मंगलवार को किसान गर्जना संगठन ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के*

म से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बढ़ती महंगाई, कृषि लागत में लगातार हो रही वृद्धि और खेती से जुड़ी समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी के आह्वान पर जिला इकाई द्वारा आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व पीडी खैरवार, उपाध्यक्ष सहजान सिंह परस्ते और संगठन मंत्री चंद्रगुप्त नामदेव ने किया। किसानों ने कहा कि कृषि लागत बढ़ने के बावजूद उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है।

### समर्थन मूल्य और भावांतर योजना को लेकर प्रमुख मांग..

ज्ञापन में किसानों ने भावांतर योजना को वापस लागू करने और सहकारी समितियों के माध्यम से पूर्ववत खरीदी व्यवस्था शुरू करने की मांग की। साथ ही धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए और गेहूं का 2700 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित कर अंतर राशि बोनस के रूप में देने की मांग रखी।

किसानों ने खाद के बढ़े हुए दाम वापस लेने, जैविक खाद निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा नकली खाद, बीज और कीटनाशकों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले बीजों की गुणवत्ता सुधारने की बात भी ज्ञापन में कही गई।

### बिजली, ऋण और फसल बीमा को लेकर भी उठाई आवाज

किसानों ने समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, अघोषित बिजली कटौती बंद करने और किसानों को सस्ती बिजली देने की मांग की। इसके अलावा फसल बीमा योजना को स्वैच्छिक बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा दोगुनी करने तथा दो वर्ष तक ब्याजमुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। अधिक वर्षा से प्रभावित फसलों का शत-प्रतिशत मुआवजा देने, राजस्व रिकॉर्ड समय पर अपडेट करने और वनग्रामों में खेती करने वाले किसानों को राजस्व पट्टा देने की मांग भी किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाई।

### मांगें नहीं मानीं तो प्रदेशभर में आंदोलन..

संगठन ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं और मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन आगे भी आवाज उठाता रहेगा। प्रदर्शन में सुरेश बघेल, रमेश नंदा, झनकू नंदा सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### समग्र शिक्षा के संविदा कर्मचारी आर्थिक संकट में..

# तीन माह से मानदेय लंबित, SNA स्पर्श प्रणाली के कारण कर्मचारियों को हो रही परेशानी..

## गोंदिया जिले के 78 संविदा कर्मचारी भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे..

जगप्रेरणा आमगांव।

***समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों का पिछले तीन माह से मानदेय लंबित होने के कारण कर्मचारियों के***

सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मानदेय भुगतान की प्रक्रिया **SNA** स्पर्श प्रणाली में अटकी होने से राज्यभर के हजारों संविदा कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोंदिया जिले के 78 संविदा कर्मचारी भी इससे प्रभावित हुए हैं। मानदेय नहीं मिलने से उनके परिवारों का आर्थिक बजट पूरी तरह बिगड़ गया है।

### तीन माह से मानदेय का इंतजार..

समग्र शिक्षा अभियान के शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्रामर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, जिला समन्वयक, विषय साधन व्यक्ति, वरिष्ठ सहायक लेखा, कनिष्ठ अभियंता सहित विभिन्न पदों पर कर्मचारी संविदा आधार पर कार्यरत हैं। शैक्षणिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद समय पर मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले तीन माह से मानदेय लंबित होने के कारण कर्मचारियों के लिए मकान किराया, बच्चों की शिक्षा, दवाइयों का खर्च, ऋण की किस्तें तथा रोजमर्रा के घरेलू खर्च पूरे करना मुश्किल हो गया है। कुछ कर्मचारियों को उधारी अथवा कर्ज का सहारा लेकर दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं।

### एसएनए स्पर्श प्रणाली से कर्मचारियों में नाराजगी..

मानदेय वितरण के लिए शुरू की गई स्न्न स्पर्श प्रणाली में तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण भुगतान में देरी होने की बात कर्मचारियों द्वारा कही जा रही है। नई प्रणाली के चलते मानदेय वितरण में हो रहे विलंब से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है।

कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में लागू **PFMS** प्रणाली अधिक सरल एवं सुविधाजनक थी। **SNA** स्पर्श प्रणाली में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं को तत्काल दूर कर मानदेय भुगतान की प्रक्रिया सुचारू करने की मांग की जा रही है।

### लंबित मानदेय तत्काल देने की मांग..

समग्र शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों ने शासन एवं संबंधित विभाग से पिछले तीन माह का लंबित मानदेय तत्काल जारी करने **SNA** स्पर्श प्रणाली की तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं को दूर करने तथा भविष्य में मानदेय समय पर मिले, इसके लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

कर्मचारियों का कहना है कि शैक्षणिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद अपने ही मानदेय के लिए बार-बार अधिकारियों के पास गुहार लगाने की स्थिति गंभीर है। शासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गोंदिया जिले सहित राज्यभर के समग्र शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों का लंबित मानदेय तत्काल वितरित करना चाहिए, ऐसी अपेक्षा कर्मचारियों द्वारा व्यक्त की जा रही है।

# 'मेरी पाठशाला, मेरा स्वाभिमान' प्रशिक्षण को मिला उत्साही प्रतिसाद..




जगप्रेरणा देवरी।

***एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, देवरी एवं भंडारा के अंतर्गत 'मेरी पाठशाला, मेरा स्वाभिमान' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधीक्षक तथा अधीक्षिकाओं का दो दिवसीय प्रत्यक्ष प्रशिक्षण शासकीय आश्रमशाला,***

बोरगांव बाजार में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन देवरी और भंडारा परियोजनाओं के 24 अधीक्षक-अधीक्षकों में से 22 ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान बिरसा मुंडा और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के विभिन्न उपक्रमों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर नीता मनोज वांडे ने अधीक्षकों की भूमिका व जिम्मेदारी, बाल मनोविज्ञान एवं बाल सुरक्षा, तनाव प्रबंधन **4R** प्रोटोकॉल, हैप्पीनेस क्लब **(Happiness Club)**, आनंददायी शिक्षा, रचनात्मकता **(Creativity)**, गैलरी वॉक **(Gallery Walk)**, छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा गतिविधि-आधारित उपक्रमों पर मार्गदर्शन किया। शिक्षा मित्र निकेश गेडाम ने विभिन्न गतिविधियों के प्रत्यक्ष प्रस्तुतीकरण में सहयोग दिया।

प्रशिक्षणार्थियों ने रोल-प्ले, प्रदर्शन और गतिविधि-आधारित उपक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने का व्यावहारिक अभ्यास मिला। इस दौरान शासकीय आश्रमशाला, बोरगांव बाजार के प्रधानाध्यापक श्री जी. आर. खेडकर ने विद्यालय में चलाए जा रहे विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उपक्रमों की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए देवरी के परियोजना अधिकारी इसोकर, भंडारा परियोजना के परियोजना अधिकारी हेडाऊ, तथा 'मेरी पाठशाला, मेरा स्वाभिमान' कार्यक्रम के विभागीय समन्वयक साईनाथ सलाम का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

उपस्थित अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने व्यक्त किया कि 'मेरी पाठशाला, मेरा स्वाभिमान' पहल छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास आनंद, नेतृत्व कौशल और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

# किरसान्स मिशन स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन..



जगप्रेरणा गोरेगांव।

***स्थानीय किरसान्स मिशन स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, गोरेगांव में नर्सरी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर (Dental Camp) का आयोजन किया गया।***




कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के आगमन एवं स्वागत समारोह से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों के दांतों की जांच का कार्य प्रारंभ किया गया।

शिविर में गोंदिया स्थित पूर्व विदर्भ के प्रथम एवं एकमात्र विशेष बाल एवं युवा दंत रोग केंद्र के विशेषज्ञ तथा डेंटल ब्रेसेस विशेषज्ञ डॉ. अक्षत अग्रवाल (**M.D.S.**, गोंदिया) एवं डॉ. भाग्यश्री चव्हाण (**B.D.S**, गोंदिया) तथा उनकी सहयोगी टीम ने अपना बहुमूल्य समय देकर विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। साथ ही विद्यार्थियों को दांतों की उचित देखभाल, स्वच्छता एवं दंत स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। नर्सरी से कक्षा 4वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी विद्यार्थियों के साथ आमंत्रित किया गया। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों के दांतों की नियमित देखभाल, स्वच्छता तथा दंत स्वास्थ्य के प्रति आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्या सौ. कविता एच. येडे मैम के मार्गदर्शन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सभी शिक्षकवृंद एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के सहयोग से यह दंत चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आमगांव पुलिस स्टेशन में भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व






जगप्रेरणा आमगांव।

***भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से आमगांव पुलिस स्टेशन में रक्षाबंधन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता आमगांव तालुका महिला अध्यक्ष सुषमा ताई भुजाड़े एवं ग्रामीण अध्यक्ष सुनंदा ताई उके ने की। पिछले 15 वर्षों से भाजपा महिला मोर्चा द्वारा लगातार इस उपक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

समाज की सुरक्षा के लिए दिन-रात अपनी सेवाएं देने वाले पुलिस जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा उनके कार्यों का सम्मान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला पदाधिकारियों ने पुलिस जवानों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर केवल पुलिस जवानों को ही नहीं, बल्कि दिन-रात नागरिकों की सेवा करने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों को भी राखी बांधकर उनके सामाजिक योगदान का सम्मान किया गया। संकट के समय नागरिकों, महिलाओं एवं छात्राओं को सुरक्षित घर पहुंचाने में रिक्शा चालक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी भावना के साथ महिलाओं ने उनके साथ भी रक्षाबंधन पर्व मनाया।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व महिला एवं बाल कल्याण सभापति तथा वर्तमान जिला परिषद सदस्य सविता संजय पुराम ने किया था। इस अवसर पर आमगांव तालुका महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### मरारटोली मे अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर की चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/8/2026 के रात मे अज्ञात चोर ने फर्या दी भिमराज भरतराम कुंभरे उम्र 49 वर्ष निवासी मरा रटोली के मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर आलमारी मे रखे सोने की कनोती किमत 15 हजार रुपये, सोने की नथ किमत 12 हजार रुपये, सोने की लटकन किमत 8 हजार रुपये कुल 35 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 508/2026 धारा 305, अ,331,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा माने 224 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### झगडा छुडाने गये युवक से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/8/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान फुक्कीमेटा मे आरोपी अपनी पत्नी और बेटी को मार रहा था। फर्यादी और उसकी पत्नी झगडा छुड़ाने गये तो आरोपी ने गालीगलोच कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 571/2026 धारा 296,351,3, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ गायधने 878 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### प्रेमी के संग हुई बहस मे प्रेमिका ने डॅम मे कुदकर गवाई जान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आत्महत्या के लिये मजबूर करने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/12/2025 के दिन दोपहर 3 बजे फर्यादी तेजराम मारुती भोयर उम्र 45 वर्ष निवासी हरदोली की बेटी से आरोपी के प्रेमसंबंध थे। शादी की बात को लेकर दोनो मे झगडा हुवा जिसमे फर्यादी की बेटी ने टेंशन मे कोटरा डॅम के पानी मे कुदकर आत्महत्या की है फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 447/2026 धारा 108, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी मावस्कर पुलीस स्टेशन सालेकसा कर रहे है।

### बयाना किया किसी और से और जमीन किसी और को बेचकर की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/10/2025 से 28/1/2026 के दरम्यान सिरोली मे आरोपियोने सिरोली मे गट क्रमांक 265/4 की आराजी 0.20 हेक्टर खेत फर्यादी को बेचने का सौदा 4 लाख रूपये मे लिखित किया उसके पेठे 1.50 लाख नगदी और 1 लाख का चेक ले लिये। रजिस्ट्री के समय बाकी 1.50 लाख लेना तय हुवा था। लेकीन आरोपियोंने बिना जानकारी दिये जमीन किसी और को बेचकर फर्यादी के साथ धोखाधडी करने से दिये शिकायत पर आरोपीयो के खिलाफपोस्टे मोरगांव अर्जुनी मे अपराध क्रमांक 379/2026 धारा 318,4,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी रोहनकर पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

# बनगांव प्रा, स्वा, केंद्र का स्थानांतरण किया तो करेंगे तीव्र आंदोलन - वंदना काळे की चेतावनी..

जगप्रेरणा आमगांव।



***महाराष्ट्र सरकार ने जहॉ ग्रामीण रुग्णालय है, उस परिसर मे 6 कि, मी, के अंतर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अन्य स्थानो पर स्थानातरित करे ऐसे आदेश जिला परिषद गोंदिया के स्वास्थ्य विभाग को दिया है।***

ऐसे आदेश के तहत गोंदिया जिला परिषद का स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण रुग्णालय से करिब जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है उस के स्थानांतरण का प्रस्ताव जि, प, के स्थाई समिती के अध्यक्ष लायकराम भांडारकर की अध्यक्षता मे हुयी स्थाई समिती की बैठक मे ध्वनी मतोंसे पारित किया है।

'सुत्रों ने बताया की प्रा, स्वा, केंद्र बनगांव के रुग्ण कल्याण समिती की गत फरवरी/ मार्च 2026 को जि, प, सदस्य एवं रुग्ण कल्याण समिती के अध्यक्ष किशोर महारवाडे, की अध्यक्षता मे हुयी बैठक मे एक प्रस्ताव पारित कर आमगांव ग्रामीण रुग्णालय, कामठा चौक मे आपला दवाखाना, एवं सालेकसा मार्ग पर और एक दवाखाना होने से प्रा, स्वा, केंद्र बनगांव को किकरीपार मे स्थानांतरित करने का निर्णय लिये जाने की खबर है सत्ताधारी बनगाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित करनें की पुरी साजिश महाराष्ट्र सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र जंहा हैं उसके 6 किमी दुरी के भीतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नही रह सकता इस शर्त को आगे करते हुए बनगाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनगाव को स्थानांतरित करनें की साज़िश कर रहे हैं ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र आमगाव में पिछले 15 सालो से हैं।

बावजुद इसके बनगांव स्वास्थ्य केंद्र उससे भी पहले से उसी जगह पर रोजाना आमगांव बनगांव एवं आमगांव तहसील के सैकड़ों नागरिक हेतु महत्त्वपूर्ण कडी है ऐसे में अगर प्राथमिक स्वास्थ्य बनगांव को स्थानांतरित किया गया तो सैकड़ों लोगों को मिल रही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा छिन जायेगी एवं आमगांव बनगांव सहित आमगांव तहसील के सैकड़ों नागरिक को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा हेतु आर्थिक बोझ बढेगा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा हेतु इधर उधर भटकना पड़ेगा सैकड़ों महिलाओं की स्वास्थ्य सुविधा की महत्वपूर्ण सुविधा छिन जायेगी एवं यह कांग्रेस कभी भी सहन नहीं करेगी। इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनगाव का स्थानांतरण रोका जाये एवं अगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनगाव का स्थानांतरण करने का प्रयास किया गया तो कांग्रेस तीव्र आंदोलन करेगी ऐसी चेतावनी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष वंदना काळे ने दिया।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएें..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 बुधवार 02 सितम्बर 2026

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा लेकर 03 बार छह - छह माह की जेल यातनाएं कर स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई सुखदेव जी अग्रवाल ने क्रांतीकारी भूमिका..

## कुरीतियों को मिटाने और गोंदिया जिले के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व विधायक स्व. सुखदेव अग्रवाल की 125 वी जयंती आज..

### आज किया जायेगा एस.एस. गर्ल्स कॉलेज में स्व. सुखदेव जी अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण..

### अनेक प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक होगा भव्य आयोजन...





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ आजादी के आंदोलन में अग्रपंक्ति में चलते दिखाई देते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुखदेव जी अग्रवाल..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*आजाद भारत, आज का ऐसा भारत जो अब विश्व को चुनौतियां देते हुए धीरे धीरे तकनीकि रुप से समृद्ध होते हुए चांद पर भी अपनी पैठ जमा चुका है। आज का भारत वैज्ञानिक भारत सांस्कृतिक भारत से लेकर वैज्ञानिक भारत का मार्ग प्रशस्त करते हुए प्रगति के पथ पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, तथा कम्प्यूटर युग में आज भारत के युवा अमेरिका और जापान जैसे देशों में भी तकनीकि सहयोग करते हुए भारत का लोहा मनवा रहे हैं, लेकिन देखा जाए तो आज से 100 साल पहले जब भारत गुलाम भारत था, तब भारत*

के गांव गांव में अंग्रेजों की हुकुमत और उनकी गुलामी का बोझ प्रत्येक भारतीय नागरिक के सर पर था। इस स्थिति में भारत के युवा के सामने सबसे पहले एक ही सवाल था कि देश हमारा, लेकिन हम गुलाम हैं, और इस गुलामी से भारत को मुक्त करने का एक जुनुन भारतीय नागरिकों में दौड़ रहा था। हर दिल भारत को स्वतंत्र भारत के रुप में देखने के लिये लालायित था, हर दिल में स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़ने की भावनाएं हिलोरे मारती दिखाई देती थी, लेकिन तब भी अंग्रेजों के जुल्म को सहन करके उनके टकराते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी भूमिकाएं निभाना आसान नहीं था। इस दौर में अनेक युवाओं में अपनी जान की परवाह किये बिना स्वतंत्रता आंदोलन में तपस्वी की तरह भूमिकाएं निभाई, और कठोर जेल यातनाएं तक सहन की।

गुलाम भारत में आजादी के मतवाले नौजवानों में सैकड़ों हजारों मतवालों में ऐसे ही एक थे गोंदिया के गौरव, स्व. सुखदेव सालिगराम जी अग्रवाल, जिन्होंने अपने स्वर्णिम भविष्य का सपना नहीं देखा, बल्कि जिन्होंने आजाद भारत के लिये कुछ कर गुजरने की तमन्नाएं मन में रखी, और एक नहीं बल्कि तीन बार उन्होंने छह छह माह की जेल यातनाएं भी की, और आजादी के संघर्ष में जेल में भूखे रहकर, जेल में सत्याग्रह करते हुए अंग्रेजों से लोहा लिया। जी हां, जगप्रेरणा के इस अंक में प्रस्तुत है स्व. सुखदेव जी अग्रवाल के स्वतंत्रता आंदोलन एवं गोंदिया जिले के विकास हेतु दिये गए योगदान पर उनकी 125 वीं जयंती पर जगप्रेरणा की विशेष रिपोर्ट।

### आज किया जायेगा एस.एस. गर्ल्स कॉलेज में स्व. सुखदेव जी अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण..

गोंदिया जिले के महान सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व.सुखदेव जी अग्रवाल की 125 वीं जयंती के उपलक्ष में आज 2 सितंबर को सुबह 9.30 बजे एस.एस.ए.गर्ल्स स्कुल गोंदिया में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएंगा। मुख्य जयंती समारोह श्री गुरूनानक स्कुल ग्राऊंड पर सुबह 10.30 बजे होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रफुल पटेल करेंगे। विशिष्ठ अतिथी के रूप में सांसद राजेन्द्र जैन, पालकमंत्री इंद्रनील नाईक एवं प्रमुख अतिथी के रूप में विधायक डॉ.परिणय फुके, विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल एवं गिरिश व्यास, विधायक विजय रहांगडाले, संजय पुराम, संजय भेंडे, पूर्व नगराध्यक्ष दामोदर अग्रवाल एवं नगराध्यक्ष सचिन शेंडे के साथ ही जयप्रकाश गुप्ता, पूर्व केंद्रीय सदस्य, खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार, पूर्व विधायक हेमंत (तानु) पटले, पूर्व विधायक केशव मानकर उपस्थित रहेंगे।

### संक्षिप्त परिचय..

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुखदेव पिता सालिगराम जी अग्रवाल का जन्म आज ही के दिन 2 सितम्बर 1901 को पिता सालिगराम अग्रवाल के पुत्र के रुप में गोंदिया महाराष्ट्र में हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूंकि एक धार्मिक एवं संस्कारी परिवार में उन्होंने जन्म लिया था, जिसके चलते तत्कालीन परिस्थितियों के अनुरुप उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, और सामाजिक कार्यों के साथ साथ वे भारत की क्रांतिकारी विचारधारा से जुड़ते चले गए, और छात्र जीवन से ही वे भारत की आजादी के लिये योगदान देने वाले वीरों से जुड़ते चले गए। छात्र जीवन में सुभाषचंद्र बोस और महात्मा गांधी की विचारधारा से जुड़ते हुए स्कूली छात्र के रुप में भी सुखदेव जी अग्रवाल रैलीयों एवं आंदोलनों में भाग लेते रहे, तथा युवावस्था में पहुंचते हुए एक जुझारु क्रांतीकारी के रुप में वे पहचान बना चुके थे। सामाजिक कुरीतियों के उन्मुलन, विधवा विवाह प्रोत्साहन एवं कन्या विवाह में सहायता प्रदान की।

### स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई सक्रिय भागीदारी..

गौरतलब है कि युवावस्था के दौर में महात्मा गांधी के विचारों से वे सर्वाधिक प्रभावित हुए और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े तो वर्ष 1923 में उन्होंने ध्वज सत्याग्रह में बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अंग्रेजों की लाठियां भी खाई तो वहीं अंग्रेजों के निशाने पर भी आ गए, जिसके परिणामस्वरुप स्व. सुखदेव जी अग्रवाल को छह महीने के कारावास की सजा हुई। इसके बाद 1930 के नमक सत्याग्रह तथा 1940-41 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। आजादी के लिये होने वाली मिटिंग और रैलीयों व आंदोलनों में निरंतर शामिल होने के कारण दो बार उन पर अंग्रेज सरकार ने 200 रुपये का जुर्माना भी लगाया, तथा जेल में छह माह का फिर कठोर कारावास भी भुगतना पड़ा। गौरतलब है कि

### राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान

गौरतलब है कि अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने के साथ ही गोंदिया के विकास के लिये भी योगदान देने के लिये स्व. सुखदेवजी अग्रवाल अग्रणी भूमिका निभा रहे। वर्ष 1933 में वे गोंदिया नगर पालिका के पार्षद बने। 1937 में उपाध्यक्ष एवं 1938 में भंडारा जिला परिषद के उपाध्यक्ष चुने गए। 1956 से 1962 तक तत्कालीन बंबई राज्य के विधायक रहे। इसके अलावा वे ऑल इंडिया कंट्रोल बोर्ड (सीपीएस एण्ड बेरार) के सदस्य, रांची की लाख समिति एवं कलकत्ता के एक्सपोर्ट प्रमोशन कौसिंल के सदस्य, लाख विकास बोर्ड के सदस्य, मध्यप्रदेश की लाख, चपड़ा तागीजन विकास समिती के 20 वर्षों तक अध्यक्ष रहे। नव संदेश नागपुर प्रदेश कॉंग्रेस प्रदेश समिती के अध्यक्ष रहे।

### सादगी और सेवा के प्रतीक थे सुखदेव जी अग्रवाल

गौरतलब है कि एक तरफ जहां आजादी के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे, वहीं स्व. सुखदेवजी अग्रवाल सादगी, शांति के परिचायक भी थे। विनम्रतापूर्वक लोगों से बात करना, सत्य के प्रति अडिग रहना, तथा समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं समर्पण उनके कार्यकलापों में दिखाई देता रहा। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के लिये महाराष्ट्र शासन द्वारा सम्मानपत्र एवं ताम्रपत्र भी प्रदान किया गया था। स्व. सुखदेवजी सालिग्राम जी अग्रवाल की 125वीं जयंती उनके त्याग, तपस्या, सेवा और सत्य के प्रति समर्पण को स्मरण करने का अवसर है। उनकी स्मृतियां समाज के लिए सदैव प्रेरणा बनी रहेंगी।

# गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे के हल्द्वानी स्थित सभा स्थल पर भाजपा और आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अत्यंत निंदनीय और घृणास्पद शुध्दीकरण विधि के निषेधार्थ, कड़ी भूमिका लेकर*

दोषियों के विरुद्ध लोकसभा के विरोधी पक्ष नेता राहुल गांधी ने पत्र परषिद में कडी कार्यवाही की मांग को लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। जिसके उपरांत लोकसभा के विरोधी पक्ष नेता राहुल गांधी के विरुद्ध हल्द्वानी शहर, कोतवाली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसके विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एस.डी.एम कार्यालय गोंदिया में निषेध मोर्चा निकालकर एस.डी.ओ. गोंदिया के माध्यम से माहमहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उत्तराखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध में एफआईआर दर्ज करने की मांग जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई।

**उत्तराखंड के हल्द्वानी प्रकरण में लोकसभा के विरोधी पक्ष नेता राहुल गांधी के विरुद्ध हल्द्वानी शहर कोतवाली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज किए जाने के निषेधार्थ तथा रामलीला मैदान शुध्दीकरण करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने बाबद मोर्चा लेकर पहुंचे कांग्रेसी..**

ज्ञापन सौंपते समय वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी.जी. कटरे, रमेश अंबूले, जीवनलाल शरणागत, आकाश फुंडे, जहीर भाई अहमद, डेमेन्द्र राहागडाले, मनीष मेश्राम, राजकुमार पप्पु पटले, रणजीत गणवीर, मनोज पटनायक, आनंद लांजेवार, डी.एन.येडे, राजु चामट, हितेन्द्र जांभुळकर, कृपाल लिल्हारे, भुपेन्द्र हरिणखेडे, अरमान जायसवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पालकमंत्री इंद्रनील नाईक आज 2 सितंबर को रहेंगे गोंदिया में..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*उद्योग, सार्वजनिक निर्माण, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, आदिवासी विकास, पर्यटन तथा मृदा एवं जलसंधारण विभाग के राज्यमंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक आज 2 सितंबर 2026*

को गोंदिया जिले के दौरे पर रहेंगे। पालकमंत्री श्री नाईक के दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पालकमंत्री श्री नाईक सुबह 9 बजे लोणारा, नागपुर से कार द्वारा गोंदिया के लिए रवाना होंगे। सुबह 11.30 बजे गोंदिया पहुंचकर वे स्व. सुखदेव अग्रवाल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक, की 125वीं जयंती महोत्सव के अवसर पर एस.एस. गर्ल्स स्कूल, गोंदिया में आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होंगे।

इसके बाद दोपहर 12 बजे श्री गुरुनानक स्कूल ग्राउंड, गोंदिया में आयोजित स्व. सुखदेव अग्रवाल की 125 वीं जयंती के मुख्य समारोह में पालकमंत्री उपस्थित रहेंगे, वहीं, दोपहर 1 बजे वे सांसद प्रफुल पटेल के जनसंपर्क कार्यालय में आम नागरिकों से मुलाकात के लिये उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात पालकमंत्री नाईक सुविधानुसार गोंदिया से कार द्वारा पुसद, जिला यवतमाल के लिए रवाना होंगे।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

# महाराष्ट्र राज्य नाट्य स्पर्धाओं के लिए 25 सितंबर तक ऑनलाइन प्रवेशिका आमंत्रित

जगप्रेरणा गोंदिया।

*सांस्कृतिक कार्य संचालनालय, महाराष्ट्र शासन की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय नाट्य स्पर्धाओं के लिए नाट्य संस्थाओं से 25 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन*

प्रवेशिका आमंत्रित की गई हैं। इसमें हौशी मराठी, हिंदी, संगीत एवं संस्कृत नाट्य स्पर्धाओं के साथ बालनाट्य तथा दिव्यांग बालनाट्य स्पर्धाओं का भी समावेश है। सांस्कृतिक कार्य संचालक प्रशांत खेडेकर ने बताया कि 16 नवंबर 2026 से हौशी मराठी, हिंदी, संगीत एवं संस्कृत राज्य नाट्य स्पर्धाओं का आयोजन शुरू होगा। वहीं 23वीं महाराष्ट्र राज्य बालनाट्य स्पर्धा की प्राथमिक फेरी दिसंबर 2026 से राज्य के विभिन्न 10 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 65वीं हौशी हिंदी, संगीत एवं संस्कृत नाट्य स्पर्धाओं की अंतिम फेरी भी दिसंबर 2026 से प्रत्येकी एक केंद्र पर आयोजित होगी। पंजीकृत हौशी नाट्य संस्थाओं तथा पिछले वर्ष राज्य नाट्य स्पर्धा में सहभागी रही संस्थाओं के लिए निर्धारित नमूने की प्रवेशिका और स्पर्धा के नियम द्बड्ढद्बड्डठ्ठद्बह्ल4द्बह्यश्चद्बह्म्रद्धड्ड.ष्श्र द्व वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। संस्थाओं को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी प्रवेशिका 25 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन जमा करनी होगी। निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेशिकाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। प्रवेशिका के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं होने अथवा आवेदन में पूरा विवरण नहीं भरे जाने पर ऑनलाइन प्रवेशिका स्वीकार नहीं की जाएगी। स्पर्धा के लिए संस्था का चयन होने के बाद यदि संबंधित संस्था द्वारा शासन द्वारा निर्धारित केंद्र एवं तारीख पर नाट्य प्रयोग प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो प्रवेशिका के साथ जमा की गई अनामत राशि शासकीय कोषागार में जमा कर दी जाएगी। साथ ही स्पर्धा के दौरान शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना सभी संस्थाओं के लिए अनिवार्य रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्था को स्पर्धा से अपात्र घोषित किया जा सकता है। सांस्कृतिक कार्य संचालक प्रशांत खेडेकर ने राज्य की अधिक से अधिक नाट्य संस्थाओं से महाराष्ट्र राज्य नाट्य स्पर्धा में सहभागी होकर अपनी कला का प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com